JANMARG news

Janmarg News Youtube Channel

जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक



**आज का मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 20 |
| न्यूनतम | : 09 |
| हवा में नमी | : 113 |

वर्ष : 66 ● अंक: 55 ● श्रीगंगानगर, सोमवार, 13.01.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ : 8

# बस-जीप की टक्कर में पति-पत्नी समेत 3 लोगों की मौत

● पदमपुर मार्ग पर सीसी हैड के नजदीक धुंध के कारण हुआ भीषण सड़क हादसा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर के सीसी हेड के पास सोमवार सुबह करीब सवा 8 बजे रोडवेज बस और बोलेरो जीप की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में जीप सवार पति-पत्नी समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 2 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। यह परिवार पंजाब में शोक में शामिल होने जा रहा था। हादसा कोहरे के कारण हुआ। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को सड़क किनारे करवाया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं मृतकों के शव सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए। श्रीगंगानगर से रोडवेज की बस सुबह 7 बजे बीकानेर के लिए रवाना हुई। यह सुबह करीब 8 बजे पदमपुर के पास पहुंची। इसी दौरान सामने से आ रही जीप से इसकी टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर से जोरदार धमाका हुआ और जीप का आगे का हिस्सा पूरी तरह डैमेज हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर दौड़े और जीप सवार घायलों को निकाला। मौके पर 3 लोगों की मौत हो चुकी थी। बस श्रीगंगानगर से बीकानेर के लिए रवाना हुई थी, वहीं जीप गांव 33 एमएल से पंजाब की तरफ जा रही थी। इसमें 5 लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही पदमपुर एसएचओ सुरेंद्र राणा और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव पदमपुर के सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं। हादसे में घायल जीप सवार 2 महिलाओं की भी हालत गंभीर



बनी हुई है। उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। बस श्रीगंगानगर से बीकानेर के लिए रवाना हुई, जबकि जीप में सवार लोग गांव 33 एमएल से पंजाब के लिए रवाना हुए थे। जीप स्पीड में थी। सीसी हेड के पास पहुंचने पर इसके आगे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चल रही थी। जीप के ड्राइवर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक कर आगे बढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान जीप सामने से आ रही रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में बस में सवार एक बच्ची के होठ पर मामूली चोट लगी है। इसके अलावा बस में किसी सवारी को कोई चोट नहीं आई। जीप सवार 2 घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। तीन मृतकों में एक महिला भी शामिल है। हादसे में जीप सवार 33 एमएल निवासी बादल सिंह (45), उसकी पत्नी स्वर्णजीत कौर (44) और बादल सिंह के भाई गुरचरण सिंह (50) की मौत हो गई। हादसे में महिला परमजीत कौर और करमजीत कौर गंभीर घायल हो गए। उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। मृतक और घायल एक ही परिवार के हैं। वे पंजाब में शोक में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ और 3 लोगों की मौत हो गई।

## कनाडाई सांसद जगमीत ने ठुकराया ट्रम्प का ऑफर

जनमार्ग न्यूज



**ओटावा।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां स्टेट बनने के ऑफर दे चुके हैं। इस मुद्दे पर लगातार विवाद बढ़ता जा रहा है। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो और विदेश मंत्री मेलानी जोली के बाद अब कनाडा की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के नेता और सांसद जगमीत सिंह ने भी ट्रम्प के ऑफर को ठुकरा दिया है। मेरे पास डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक मैसेज है। हमारा देश (कनाडा) बिकाऊ नहीं है। न अभी है, न कभी होगा। कनाडाई लोगों को अपने देश पर गर्व है और हम इसकी रक्षा के लिए जी जान से लड़ने को तैयार हैं। ट्रम्प की तरफ से टैरिफ लगाने की धमकी पर जगमीत सिंह ने कहा कि अगर ट्रम्प सोचते हैं कि वो हमसे लड़ाई कर सकते हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। मेरा मानना है कि अगर ट्रम्प हम पर टैरिफ लगाते हैं तो हमें भी उसी तरह जवाबी टैरिफ लगाना चाहिए। प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ने वाले किसी भी इंसान को ऐसा ही करना चाहिए। कैलिफोर्निया में लगी आग पर एनडीपी लीडर ने कहा कि अभी जब अमेरिका में जंगल की आग घरों को तबाह कर रही है।

# पीएम मोदी ने किया जेड मोड़ टनल का इनॉगरेशन

❏ श्रीनगर से सोनमर्ग-लद्दाख किसी भी मौसम में जा सकेंगे ❏ 1 घंटे की दूरी 15 मिनट में तय होगी

जनमार्ग न्यूज



**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में जेड मोड़ टनल का उद्घाटन किया। श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। बर्फबारी की वजह से यह हाइवे 6 महीने बंद रहता है। टनल बनने से लोगों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलेगी। श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच पहले 1 घंटे से ज्यादा समय लगता था। इस टनल के कारण अब यह दूरी 15 मिनट में पूरी हो सकेगी। इसके अलावा गाड़ियों की स्पीड भी 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। दुर्गम पहाड़ी वाले इस इलाके को क्रॉस करने में पहले 3 से 4 घंटे का समय लगता था। अब यह दूरी मात्र 45 मिनट में पूरी होगी। टूरिज्म के अलावा देश की सुरक्षा के लिए भी यह प्रोजेक्ट अहम है। इससे लद्दाख तक सेना की पहुंच आसान होगी। यानी बर्फबारी के समय जो सामान सेना को एयरफोर्स के विमान में लेकर जाना पड़ता था, अब वह सड़क मार्ग से ही कम खर्च में पहुंच सकेगा। जेड मोड़ टनल 2700 करोड़ रुपए की लागत से बनी है। इसका निर्माण 2018 में शुरू हुआ था। टनल 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-करगिल-लेह हाईवे प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट के तहत 31 टनल बनाई जा रही हैं, जिनमें से 20 जम्मू-कश्मीर में और 11 लद्दाख में हैं।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रात:कालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-

Website:- www.janmarg.com

Youtube:- Janmarg News

# गर्भपात को लेकर गाइडलाइन तय करेगा हाईकोर्ट

● केन्द्र व राज्य से मांगा जवाब, हाईकोर्ट ने जल्द गाइलाइन तय करने के दिए संकेत

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** रेप पीड़िताओं के गर्भपात के लिए हाईकोर्ट ने जल्द नई गाइडलाइन तय करने का संकेत दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने इसे लेकर केन्द्र और राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। दरअसल, दिसंबर में मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने एक रेप पीड़िता की गर्भपात की याचिका को निस्तारित करते हुए इस मामले को जनहित याचिका के तौर पर लिस्ट करने के आदेश दिए थे। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) को मामले में पक्षकार बनाया है। वहीं, अदालती कार्रवाई में सहयोग के लिए अधिवक्ता सुशीला कलवानिया, पल्लवी मेहता, प्रियांशा गुप्ता और सोनल गुप्ता को न्यायमित्र नियुक्त किया है। अदालत ने 31 सप्ताह की प्रेग्रेंट रेप पीड़िता की अपील को खारिज कर दिया था। अदालत ने कहा था कि दी मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट 1971 में साफ कहा गया है कि 24 हफ्ते की प्रेग्नेंसी से पहले गर्भपात के लिए अदालत की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। इसके बाद अदालत से अनुमति लेनी होती है। इस मामले में पीड़िता 31 सप्ताह की प्रेग्रेंट हैं। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार अगर उसे गर्भपात की अनुमति दी जाती है। उसे और बच्चे को जान का खतरा है। अदालत ने टिप्पणी की थी कि गर्भपात की अनुमति के लिए बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर होती हैं। चाहे वह बालिग हो या नाबालिग। अधिकतर महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं।

## चाकू की नोक पर बिजनेसमैन से लूट

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर में चाकू की नोक पर एक बिजनेसमैन से लूट का मामला सामने आया है। विरोध करने पर नकाबपोश बदमाशों ने उसके चेहरे पर चाकू मारकर घायल कर दिया। पासवर्ड पूछकर ऑनलाइन बैंक अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर बदमाश फरार हो गए। शिवदासपुरा थाने में पीड़ित बिजनेसमैन ने नकाबपोश तीन बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## थार से कुचलने की कोशिश

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर में थार सवार युवकों ने खाली मैदान में क्रिकेट खेल रहे लोगों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। लोगों ने परेशान करने का कारण पूछा तो थार सवार अभद्र व्यवहार करने लगे। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की पीसीआर देख युवक थार को रिवर्स भगाने लगे। जो दीवार के पास जाकर रुक गई। पुलिस ने थार सवार 8 युवकों को गिरफ्तार किया है। मामला शिप्रा पथ थाना इलाके का है। मौके पर मौजूद दीपक सैनी ने बताया कि घटना रविवार दोपहर 2 बजे की है। 100 से अधिक लड़के खाली जमीन पर क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान काले रंग की दो थार गाड़ी आई। इनमें सवार 8 युवक क्रिकेट खेल रहे लड़कों को परेशान करने लगे। इसके बाद अन्य गाड़ियों में युवक आने लगे।

## विधायक बिहाणी ने दी लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की बधाई

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं विधायक जयदीप बिहाणी ने क्षेत्र के सभी लोगों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी है। बिहाणी ने कहा कि ये दोनों त्यौहार नए मौसम और खुशियों की शुरूआत के प्रतीक है। मेरी ईश्वर से कामना है कि ये त्यौहार हम सब के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए। विधायक बिहाणी ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व भगवान सूर्य को समर्पित है। इस दिन दान करने की सनातनी परंपरा के चलते असहाय और जरूरतमंदों की अधिकाधिक मदद करें।

## नवजात रोती रही और चूहे उसे खाते रहे

जनमार्ग न्यूज

**अजमेर।** कड़ाके की ठंड में नवजात बच्ची को कोई झाड़ियों के बीच खुले प्लॉट में फेंक गया। उसे चूहे खा रहे थे। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर कुछ लोग पहुंचे। सामने का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। लहूलुहान बच्ची जमीन पर पड़ी थी। उसके शरीर पर जगह-जगह गहरे जख्म हो गए हैं। उसे फौरन हॉस्पिटल लाया गया। डॉक्टरों ने उसे 40 टांके लगाए हैं। फिलहाल वह डॉक्टरों की निगरानी में है। मामला अजमेर के सिविल लाइन इलाके का है।

## ट्रेनी एसआई को ट्रेनिंग रुकने के बाद भी मिल रही सैलरी

● हाईकोर्ट में वेतन रोकने के लिए लगी याचिका

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** एसआई भर्ती 2021 के ट्रेनी सब इंस्पेक्टर की फील्ड ट्रेनिंग रुकने के बाद भी सैलरी मिल रही है। इसके खिलाफ मामले से जुड़े याचिकाकर्ता कैलाश चंद शर्मा ने हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर किया है। प्रार्थना पत्र में हाईकोर्ट से कहा गया है कि ट्रेनी एसआई की सैलरी रोकी जाए। दरअसल, हाईकोर्ट के आदेश से पुलिस मुख्यालय ने ट्रेनी एसआई को नॉन फील्ड कर दिया है। उन्हें सैलरी दी जा रही है। याचिकाकर्ता के वकील हरेन्द्र नील ने बताया कि यह स्थापित कानून है कि बिना काम के वेतन नहीं दिया जा सकता है। ऐसे में हमने कोर्ट से कहा है कि नो-वर्क, नो-पे का सिद्धांत लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ट्रेनी एसआई को ट्रेनिंग के दौरान 26,500 रुपए का भुगतान किया जाता है।

## महाकुंभ में 1 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



जनमार्ग न्यूज

**प्रयागराज।** महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर आज पहला स्नान है। दोपहर 1 बजे तक 44 घाटों पर 1 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। भक्तों पर 20 क्विंटल फूलों की वर्षा की जाएगी। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं। भीड़ इतनी है कि कई लोग अपने से बिछड़ गए हैं। विदेशी श्रद्धालु बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे हैं। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं।

# हनुमानगढ़-बठिंडा रूट पर 20 दिन तक प्रभावित रहेगा रेल यातायात

● श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़, हनुमानगढ़-सादुलपुर रूट पर ट्रेनों के ट्रिप रद्द

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ स्टेशन और मंडी डबवाली पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण सूरतगढ़-बठिंडा सेक्शन में रेल यातायात प्रभावित होगा। रेलवे विभाग ने 20 जनवरी से 8 फरवरी तक चलने वाले इस कार्य के दौरान कुल 18 ट्रेनों की 124 ट्रिप रद्द करने की घोषणा की है। भटिंडा-अनूपगढ़ और अनूपगढ़-भटिंडा रूट पर चलने वाली ट्रेन संख्या 04771 और 04772 की 13-13 ट्रिप रद्द की गई हैं। इसी तरह, सूरतगढ़-भटिंडा और भटिंडा-सूरतगढ़ के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 59719 और 59720 की 20-20 ट्रिप नहीं चलेंगी। फिरोजपुर-हनुमानगढ़ रूट की ट्रेन संख्या 14601 और 14602 की 11-11 ट्रिप भी रद्द की गई हैं।



भटिंडा-सिरसा और सिरसा-भटिंडा के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 04783 और 04784 की 6-6 ट्रिप प्रभावित होंगी। श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़, हनुमानगढ़-सादुलपुर और सादुलपुर-हनुमानगढ़ रूट पर चलने वाली विभिन्न ट्रेनों की 5 से 6 ट्रिप रद्द की गई हैं। इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

## हनुमानगढ़ के 124 पुलिसकर्मियों का तबादला

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। उप महानिरीक्षक पुलिस और सह जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया, जिसमें 124 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। इस फेरबदल में 65 हेड कॉन्स्टेबल और 59 कॉन्स्टेबल शामिल हैं। यह तबादला पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी की गई तबादला नीति के तहत किया गया है। इससे पहले रविवार को भी 36 सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) स्तर के अधिकारियों के तबादले किए गए थे। तबादला आदेश के अनुसार, विभिन्न थानों और पुलिस इकाइयों में कार्मिकों का फेरबदल किया गया है। जैसे नहरी पानी सुरक्षा एवं चोरी निरोधक थाना नोहर से जंक्शन थाना, तलवाड़ा झील थाना से पीलीबंगा थाना, और गोगामेड़ी थाना से भिरानी थाना तक कई महत्वपूर्ण तबादले शामिल हैं। फेरबदल में यातायात विभाग, पुलिस नियंत्रण कक्ष, पुलिस लाइन और विभिन्न पुलिस चौकियों के कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। यह कदम पुलिस प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। गोगामेड़ी थाना से करणीसिंह को संगरिया थाना, डबलीराठान चौकी से मदन लाल शर्मा को संगरिया थाना, वृत कार्यालय रावतसर से प्रहलाद को भादरा थाना, डबलीराठान चौकी से जसवन्त को फेफाना थाना, सदर थाना से राजेन्द्र सिंह को संगरिया थाना, टाउन थाना से नौरंगलाल को संगरिया थाना, टाउन थाना से प्रतापसिंह को संगरिया थाना, नोहर थाना से मीरसिंह को टाउन थाना, जंक्शन थाना से सरजीत सिंह को पीलीबंगा थाना, भादरा से सरजीत सिंह को गोलूवाला थाना, गोगामेड़ी थाना से गजानन्द को नोहर थाना, नहरी पानी सुरक्षा एवं चोरी निरोधक थाना नोहर से राजेश कुमार को सुरेशिया चौकी लगाया गया है।

## सम्पादकीय

### निवेशकों का भरोसा

विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी इस बात का भी संकेत है कि अपेक्षित विदेशी निवेश नहीं आ पा रहा है। निवेशकों का भरोसा कमजोर हो रहा है, इसलिए वे सुरक्षित जगहों का रुख कर रहे हैं। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जाता। पिछले दो महीने से एक भी सप्ताह ऐसा नहीं गुजरा, जब भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में कमी दर्ज न की गई हो। इसके समांतर डालर के मुकाबले भारतीय रुपए की कीमत भी लगातार गिर रही है। रुपया छियासी के पार पहुंच गया है। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी फेडरल की नीतियों में बदलाव, डालर की मजबूती और भारतीय बाजार से विदेशी निवेशकों की भारी निकासी बताई जा रही है। विशेषज्ञ बताते हैं कि सरकार ने रुपए की गिरती कीमत को रोकने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार से निकासी शुरू की थी। मगर वह कारगर उपाय साबित नहीं हो सका। अब दोनों में समांतर गिरावट दर्ज होने लगी है। यह विदेशी निवेश आकर्षित करने, कर्ज पर ब्याज के भुगतान, जरूरी आयात आदि के मद्देनजर गंभीर चिंता का विषय है। रुपए की कीमत गिरने से आयात महंगा हो जाता है, पर्यटन, विदेशी शिक्षा आदि पर खर्च बढ़ जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार में छीजन बढ़ने से विदेशी कर्ज के ब्याज के भुगतान को लेकर चिंता गहराने लगती है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी इस बात का भी संकेत है कि अपेक्षित विदेशी निवेश नहीं आ पा रहा है। निवेशकों का भरोसा कमजोर हो रहा है, इसलिए वे सुरक्षित जगहों का रुख कर रहे हैं। ऐसा इसलिए भी हो रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ोतरी की जो तस्वीर पेश की जा रही थी, वह अब धुंधली पड़ने लगी है। प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की विकास दर नीचे बनी हुई है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। निर्माण क्षेत्र भी कमजोर होता जा रहा है। पिछले बारह-तेरह वर्षों से प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी नहीं हुई है। निर्यात लगातार हिचकोले खा रहा है और घरेलू बाजार में रौनक लौट नहीं पा रही।

केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। लेकिन नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं। यह वाकई चिंता का विषय है कि नक्सली अपने विरुद्ध चल रहे सुरक्षाबलों के अभियानों को निशाना बनाने में बार-बार क्षति पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। अतएव लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। वही सुरक्षाबलों की मुखबिरी करके सटीक जानकारी पहुंचाते हैं। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है।

# नक्सलवाद का खात्मा बड़ी चुनौती

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों द्वारा बिछाए गए अति तीव्र विस्फोटक की चपेट में आकर एक आरक्षित गार्ड समेत आठ जवान शहीद हो गए। विस्फोटक इतना तीव्र था कि जवानों के वाहन स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए। नक्सलियों की यह चुनौती उस समय मिली है, जब नक्सलियों के संगठनों के खत्म होने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इस चुनौती ने साफ कर दिया है कि नक्सलियों का वैसा दमन अब तक नहीं हो सका है, जैसी उम्मीद की जा रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। लेकिन नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं।

यह वाकई चिंता का विषय है कि नक्सली अपने विरुद्ध चल रहे सुरक्षाबलों के अभियानों को निशाना बनाने में बार-बार क्षति पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। अतएव लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। वही सुरक्षाबलों की मुखबिरी करके सटीक जानकारी पहुंचाते हैं। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। लेकिन चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाए, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरा तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि इस साल सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004-14 में नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004-14 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई है और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है, उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र



कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सालियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं और इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाका है, जिससे ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों, छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है।

हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आई, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ है कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में नक्सली नेता हिडमा का बोलबाला रहा है।

वह सरकार और सुरक्षाबलों को लगातार चुनौती दे रहा है, जबकि राज्य एवं केंद्र सरकार के पास मोदी सरकार से पहले रणनीति और दृढ़ इच्छा षक्ति की हमेशा कमी रही थी। तथाकथित शहरी माओवादी बौद्धिकों के दबाव में भी मनमोहन सिंह सरकार रही। इस कारण भी इस समस्या का हल दूर की कौड़ी बना रहा। यही वजह थी कि नक्सली क्षेत्र में जब भी कोई विकास कार्य या चुनाव प्रक्रिया संपन्न होती थी तो नक्सली उसमें रोड़ा अटका देते थे। नक्सली समस्या से निपटने के लिए राज्य व केंद्र सरकार दावा कर रही है कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि छत्तीसगढ़ सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है ? क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले हैं। जब किसी भी किस्म का चरमपंथ राष्ट्र-राज्य की परिकल्पना को चुनौती बन जाए तो जरूरी हो जाता है कि उसे नेस्तनाबूद करने के लिए जो भी कारगर उपाय उचित हों, उनका उपयोग किया जाए ? हालांकि देश में तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा है, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। लेकिन अब इस चरमपंथ पर अंकुश लगाना जरूरी है।

# पोषण की देवी का उत्सव है शाकंभरी पूर्णिमा

शाकंभरी पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। यह सौभाग्यशाली दिन पौष महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर जनवरी महीने में आता है। इस दिन, भक्त पोषण प्रदान करने के लिए देवी को अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पौष पूर्णिमा के दिन ही शाकंभरी जयन्ती मनायी जाती है। पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025 को सुबह 05 बजकर 03 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 14 जनवरी 2025 को सुबह 3 बजकर 56 मिनट पर इसका समापन होगा। भागवत पुराण में वर्णित शाकंभरी देवी के बारे में कहा जाता है कि वे असुर दुर्गम द्वारा फैलाए गए भयंकर सूखे को रोकने के उद्देश्य से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। ब्राह्मणों और पीड़ित प्राणियों की प्रार्थना के परिणामस्वरूप, शाकंभरी देवी संतुलन और समृद्धि को बहाल करने के इरादे से प्रकट हुईं। देवी मां ने वनस्पति उत्पादों की एक किस्म का निर्माण करके यह सुनिश्चित किया कि पृथ्वी पर सभी जीवित प्राणियों को पोषण मिले। इसी कारण देवी शाकंभरी को 'पोषण की देवी' कहा गया। देवी महात्म्य में उल्लेख है कि सौ साल के सूखे के बाद देवी दुर्गा शाकंभरी माता के रूप में प्रकट हुईं। सभी पौधे सूख गए थे और खाने के लिए कुछ भी नहीं था। शाकंभरी माता ने लोगों की भूख मिटाने के लिए अपने शरीर से फल, फूल, सब्जियां और जड़ी-बूटियां उत्पन्न कीं। शाकंभरी पूर्णिमा आठ दिवसीय शाकंभरी नवरात्रि उत्सव का समापन है। शाकंभरी नवरात्रि अष्टमी को शुरू होती है और पूर्णिमा को समाप्त होती है, जबकि अन्य नवरात्रि उत्सव शुक्ल प्रतिपदा को शुरू होते हैं। शाकंभरी देवी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने के लिए भक्त शाकंभरी नवरात्रि के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं।



वे सुबह जल्दी उठते हैं, स्नान करते हैं और देवी की पूजा करते हैं। आरती की जाती है, देवी को फूल और मिठाई अर्पित की जाती है और दीये जलाए जाते हैं। शाकंभरी देवी का आशीर्वाद लेने के साथ, भक्त दुर्गा चालीसा का भी पाठ करते हैं। शाकंभरी देवी का सबसे प्रसिद्ध मंदिर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्थित है। शाकंभरी पूर्णिमा के दौरान बड़ी संख्या में भक्त देवी की कृपा पाने के लिए इस मंदिर में आते हैं। शाकंभरी माता की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें पूरे देश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। शाकंभरी नवरात्रि सहारनपुर के अलावा भारत के कई क्षेत्रों में मनाई जाती है। राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के कुछ क्षेत्रों में भक्त बनशंकरी देवी सहित विभिन्न नामों से देवी की पूजा करते हैं। कर्नाटक के बादामी में बनशंकरी मंदिर में भक्त देवी की पूजा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। शाकंभरी नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में भक्त शाकंभरी देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उपवास रखते हैं। यह व्रत शरीर और मन को शुद्ध करके भक्तों को देवी की सकारात्मक और दिव्य ऊर्जा का अनुभव करने में सक्षम बनाता है। उपवास की प्रक्रिया सुबह जल्दी उठने के साथ शुरू होती है, जिसके बाद स्नान किया जाता है। भक्ति क्षेत्र को शुद्ध करने के बाद, देवता को गंगाजल चढ़ाया जाता है। प्रसाद, ताजे फल, सब्जियां और फूल पूजा स्थल में रखे जाते हैं। शाकंभरी देवी के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्त बनशंकरी मंत्र, प्रार्थनाएं और मंत्र पढ़ते हैं। सनातन धर्म में पूजा के संदर्भ में मंत्रों का बहुत महत्व है। ऐसा माना जाता है कि शाकंभरी देवी से जुड़े मंत्रों का जाप करने से आध्यात्मिक उन्नति और जातक का कल्याण होता है। शाकंभरी देवी की पूजा 'ॐ शाकंभरी-देव्यै नमः' के जाप के माध्यम से की जाती है, जो मुख्य मंत्र है, जिसका उपयोग देवी की कृपा प्राप्त करने के लिए किया जाता है। देवी शाकंभरी का नाम बागवानी, फलों और हरी-भरी पत्तियों के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है। पोषण की देवी के रूप में, वो सभी जीवों के लिए पर्याप्त मात्रा में पोषण देती हैं। कमल उनके ऊपरी दाहिने हाथ में है, जबकि रक्षा और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करने वाला धनुष और बाण उनके ऊपरी बाएं हाथ में है। फलों, सब्जियों, जड़ी-बूटियों और फूलों से देवी का श्रृंगार किया जाता है जो पोषण प्रदाता और वनस्पतियों के संरक्षक के रूप में उनकी दिव्य अनुभूति का प्रतीक है। शाकंभरी पूर्णिमा एक शुभ और आनंदमय अवसर है। इस दिन माता शाकंभरी की पूजा अर्चना के साथ, गंगा स्नान और दान पुण्य का विशेष महत्व है।

## नए दिन को देखने की कोशिश

ओसो कहते हैं, हम वर्ष में कभी-कभी नए दिन को देखने की कोशिश करते हैं। जिसके पास ताजा मन हो, वह हर चीज को ताजी और नई कर लेता है। लेकिन ताजा मन हमारे पास नहीं है, तो हम चीजों को नया करते हैं। नए की खोज जरूर है मन में, होनी भी चाहिए। दो तरह की नए की खोज होती है। एक तो स्वयं को नया करने की खोज होती है। जो आदमी स्वयं को नया कर लेता है, उसके लिए कभी कोई चीज पुरानी होती ही नहीं। जो अपने मन को रोज नया कर लेता है, उसके लिए हर चीज रोज नई हो जाती है, क्योंकि वह आदमी रोज नया हो जाता है। जो अपने को नया नहीं कर पाता उसके लिए सब चीजें पुरानी ही होती हैं। दूसरे, लोग स्वयं को नया नहीं करते, बल्कि चीजों को नया करते हैं, इसलिए उनके लिए रोज नया नहीं होता, कभी-कभी नया होता है। दुनिया में दो तरह के लोग हैं- एक वे, जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं। दूसरे वे, जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। इन्हें भौतिकतावादी कहना चाहिए, जो चीजों को नया करने की तलाश में है। भौतिकतावादी और अध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। अध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि, जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करनेवाला भी नहीं बचा, पुराने को देखनेवाला भी नहीं बचा, हर चीज नई हो जाएगी।

## विवेकानंद जब काली मां के पास गए

विवेकानंद के जीवन में एक बहुत अद्भुत घटना घटी। एक बार उनकी मां बहुत बीमार थीं और मृत्युशैय्या पर थीं। विवेकानंद के पास पैसे नहीं थे कि वह अपनी मां के लिए दवा और खाना ला सकें। यह सोचकर उन्हें अपने पर बहुत गुस्सा आया कि वह अपनी बीमार मां का ध्यान भी नहीं रख सकते। वह रामकृष्ण के पास गए। उन्होंने रामकृष्ण से कहा, इन सारी फालतू चीजों, इस आध्यात्मिकता से मुझे क्या लाभ है। अगर मेरे पास कोई नौकरी होती तो मैं काम करता और अपनी मां का खयाल रख पाता। मैं उसे भोजन दे पाता। उसके लिए दवाई ला पाता। रामकृष्ण काली के उपासक थे। उनके घर में काली का मंदिर था। वह बोले, क्या तुम्हारी मां को दवा और भोजन की जरूरत है? जो भी तुम्हें चाहिए, वह तुम मां से क्यों नहीं मांगते? विवेकानंद को यह सुझाव पसंद आया और वह मंदिर में गए। एक घंटे बाद जब वह बाहर आए तो रामकृष्ण ने पूछा, क्या तुमने मां से अपनी मां के लिए भोजन, पैसा और बाकी चीजें मांगीं? विवेकानंद ने जवाब दिया, नहीं, मैं भूल गया।' रामकृष्ण बोले, 'फिर से अंदर जाओ और मांगो।' विवेकानंद फिर से मंदिर गए और चार घंटे बाद वापस लौटे। रामकृष्ण ने उनसे पूछा, 'क्या तुमने मां से मांगा?' विवेकानंद बोले, 'नहीं, मैं भूल गया।' रामकृष्ण फिर से बोले, 'फिर अंदर जाओ।' विवेकानंद लगभग आठ घंटे बाद बाहर आए। रामकृष्ण ने पूछा, 'क्या तुमने मां से वे चीजें मांगीं?' विवेकानंद बोले, 'नहीं, अब मैं नहीं मांगूंगा। मुझे मांगने की जरूरत नहीं है।' रामकृष्ण ने जवाब दिया, 'यह अच्छी बात है।

# राम कपूर ने 18 महीने में 55 किलो वजन घटाया

**एक्टर** राम कपूर लंबे समय से सोशल मीडिया से गायब थे। अब अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपडेट दिया है कि उन्होंने मात्र 18 महीने में 55 किलो वजन कम किया है। इस दौरान वह इसके लिए पूरी लगन के साथ कड़ी मेहनत कर रहे थे। इसलिए वह सोशल मीडिया से गायब थे। राम कपूर ने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में बताकर फैंस को चौंका दिया है। खास बात ये है कि उन्होंने इसके लिए किसी मेडिकल फॉर्मूले को फॉलो नहीं किया है। राम कपूर ने वेट लॉस के लिए न किसी तरह की दवाएं ली हैं और न ही कोई सर्जरी करवाई है। उन्होंने इसके लिए एकदम ओल्ड-स्कूल एप्रोच अपनाई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया है कि इस बीच उन्होंने बैलेंस्ड डाइट ली, खूब जमकर एक्सरसाइज की और भरपूर नींद ली। अब सवाल ये है कि क्या सिर्फ बैलेंस्ड डाइट, एक्सरसाइज और नींद से मात्र 18 महीने में 55 किलो वजन कम किया जा सकता है। पूरी दुनिया में बीते तीन दशकों से मोटापा एक बड़ी समस्या बना हुआ है। साल 1990 से 2022 के बीच किशोरों में मोटापे के मामले 4 गुना बढ़ गए हैं। इस दौरान वयस्कों में भी मोटापे के मामले दुगुने हो गए हैं। सभी देशों में मोटापे के मामले इतनी तेजी से बढ़ रहे हैं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे एपिडेमिक घोषित कर दिया है। एपिडेमिक का मतलब है, ऐसी बीमारी, जो दुनिया की बड़ी आबादी को तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। इसमें बच्चों और किशोरों की संख्या बढ़ती जा रही है। ग्राफिक में देखिए। डाइटीशियन शिल्पी गोयल कहती हैं कि स्वस्थ रहने के लिए हेल्दी वजन होना बहुत जरूरी है। मोटापे के कारण कई लाइफस्टाइल डिजीज और क्रॉनिक डिजीज का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए वजन मेंटेन रखने के लिए बैलेंस्ड डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करनी चाहिए। हालांकि वह एक्टर्स की तरह रैपिड वेट लॉस के लिए मना करती हैं। शिल्पी गोयल कहती हैं कि अगर कोई व्यक्ति रैपिड वेट लॉस के लिए रेगुलर बैलेंस्ड डाइट नहीं ले रहा है या फिर जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज कर रहा है तो उसे न्यूट्रिशन डेफिशिएंसी हो सकती है। वजन कम करने के लिए आमतौर पर लोग कम कैलोरी वाली डाइट लेते हैं। इसमें पर्याप्त आयरन, फोलेट और विटामिन बी12 जैसे महत्वपूर्ण न्यूट्रिशन बहुत कम होते है। इसके कारण कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। वजन कम करने के लिए एक्सट्रीम डाइट प्लान पर जाना अच्छा ऑप्शन नहीं है। यह वेट लॉस के लिए दवाएं लेने या सर्जरी करवाने जैसा ही है। इन सबके बहुत साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। इसलिए डॉक्टर इन्हें आखिरी विकल्प मानते हैं। अगर इमरजेंसी कंडीशंस नहीं हैं तो वेट लॉस के लिए हेल्दी अप्रोच अपनाना चाहिए। इसका मतलब है कि धीरे-धीरे वजन



घटाएं। अगर कोई लगातार कई हफ्तों तक हर हफ्ते आधा से एक किलो वजन घटा रहा है तो इसे रैपिड वेट लॉस कहते हैं। राम कपूर ने मात्र 18 महीने में 55 किलो वजन कम किया है। इसका मतलब है कि वह औसतन हर हफ्ते लगभग पौने एक किलो वजन घटा रहे थे। अगर यह सब किसी एक्सपर्ट की देखरेख में नहीं किया जा रहा है तो काफी जोखिम भरा हो सकता है। तेजी से वजन कम करने में कई जोखिम हो सकते हैं। बहुत तेजी से वजन घटाने की जिद के कारण शरीर में जरूरी विटामिन्स-मिनरल्स की कमी हो सकती है। अगर कोई इस दौरान रेगुलर एक्सरसाइज कर रहा है और प्रॉपर डाइट ले रहा है, इसके बावजूद वह अपने शरीर को मुश्किल में डाल रहा है। यह वेट लॉस का हेल्दी तरीका नहीं है। वेट लॉस का कोई एक निश्चित तरीका नहीं है। हर किसी को अपनी लाइफस्टाइल के हिसाब से एक्शन लेना चाहिए। इसके लिए किसी डाइटीशियन की मदद ले सकते हैं। हर हफ्ते कम-से-कम 150 मिनट एक्सरसाइज करने का टारगेट रखें। इसमें अपनी पसंद के अनुसार जॉगिंग, स्किपिंग, साइकिलिंग भी कर सकते हैं। अपनी डाइट में ज्यादा-से-ज्यादा फल और सब्जियां शामिल करें। खाने से पहले एक प्लेट भरकर ताजे फल और सब्जियों का सलाद खाएं। धीरे-धीरे वजन घटाने का लक्ष्य रखें- तेजी से वजन कम करे की बजाय हर महीने एक से दो किलो वजन कम करने का टारगेट बनाएं। पर्याप्त नींद जरूर लें- वजन कम करने के लिए मेटाबॉलिज्म का एक्टिव रहना भी बहुत जरूरी है। इसके अलावा भूख से जुड़े हॉर्मोन कंट्रोल में रखने के लिए बी नींद बहुत जरूरी है। इससे वेट लॉस में मदद मिलती है। तेजी से वजन घटाने के लिए क्रैश डाइट प्लान से बचें। इसके कारण हमारे शरीर में न्यूट्रिशन डेफिशिएंसी हो सकती है। अक्सर ऐसे प्लान अनस्टेबल और अनहेल्दी होते हैं। अगर वजन कम कर रहे हैं तो किसी भी तरह के अनहेल्दी खाने से दूरी बनाएं। अगर दो मील्स के बीच भूख लगती है तो स्नैक्स में फल खाना अच्छा ऑप्शन हो सकता है। वेट लॉस के लिए भोजन छोड़ना अच्छा तरीका नहीं है। इसके कारण कई हेल्थ रिस्क हो सकते हैं। हमारे शरीर को जरूरत से कम न्यूट्रिशन और कैलोरीज मिलने पर यह मसल्स को ब्रेक करना शुरू कर देता है। इससे मसल लॉस हो सकता है।

CMYK

# जनमार्ग

## सिटी न्यूज

श्रीगंगानगर, सोमवार, 13 जनवरी 2025

3

JANMARG news

जनमार्ग



# राष्ट्रीय युवा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** महात्मा गांधी विद्यालय नं. 05 पुलिस लाईन में कैरियर सेमिनार-2025, राष्ट्रीय युवा दिवस प्रतिभा सम्मान समारोह, लोहड़ी त्योहार, सड़क सुरक्षा सप्ताह एवं अध्यापक- अभिभावक मीटिंग एवं एस.एम.सी व एस.डी.एम.सी मीटिंग का आयोजन भी गया। मुख्य अतिथि रघुवीर शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्रीगंगानगर अध्यक्षता प्रधानाचार्य रिम्पा तलवार, वक्ता सुरजा राम सिहाग, मनोज स्वामी, एडवोकेट आशीष अग्रवाल, जया ज्याणी, रणवीर गोयल, डॉ. ओ.पी गोयल, जगीर चन्द फरमा, अश्वनी नागपाल, वशिष्ठ अतिथि रामदास बंसल, अवतगार सिंह मल्हौत्रा, मदन अरोड़ा, ओमप्रकाश मीणा, फुसाराम पोटलिया, महावीर दैग, इन्दू भूषण चावला, पवन गोस्वामी, अभिभावकगण एस.एम.सी व एस.डी.एम.सी सदस्यगण थे। मंच संचालन अध्यापक मधुसुदन व मनी भद्र तथा विद्यालय की छात्राऐं जैस्मीन, भारती एवं आँचल ने किया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली एवं प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें जैस्मीन, प्रथम मिड्ढा, सुधीर प्रताप सिंह, विनय, नितिश शर्मा, मनीष कुमार, कोमल, मानवी, विश्व सोनी, सिद्धार्थ बिश्नोई, आयुषी, साहिल, यशिका, वर्षा, सृष्टि, कनिका, आरती, जिया, आँचल मीणा, गुनगुन, मुस्कान शुल्का, भारती भीष्मा, साहिल आदि को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार एवं लोहड़ी कार्यक्रम में सहारनीय सहयोग राम सिंह सोढ़ा, एडवोकेट विनोद गोयल, रामदास बंसल, अवतार सिंह मल्हौत्रा, जगीर चन्द फरमा, बलजीत सिंह राणा, विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। विवेकानन्द से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं विद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के अर्जुन चैहान, मनी भ्रद, मधुसुदन, पूजा लडढ़ा, रमनजीत सिंह, दलीप कुमार, रिया रौतेला, सुखचैन सिंह, रघुवीर जांदू, सुमन, नौरंग कुमार, आदि का रहा।

मुख्य अतिथि रघुवीर शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अनुशासन एवं समय नियोजन जीवन में सफलता की प्रथम सी ढ़ी है। विद्यार्थियों को पूरा ध्यान अपनी कक्षागत अध्ययन पर लगाना चाहिए। सिविल सेवा परीक्षाओं में आगे की तैयारी में कक्षा 10 तक एन.सी.आर.टी बुक्स का ज्यादा महत्व है।

सुरजा राम सिहाग ने खेलों के महत्व को बताया और खेलों के माध्यम से अपने केरियर किस प्रकार से सफलता प्राप्त की जाती है इसकी विस्तृत जानकारी दी जिससे विद्यार्थी अपने जीवन में खेलों के महत्व को समझ सके। मनोज स्वामी ने विज्ञान एवं टैक्नोजी के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया। एडवोकेट आशीष अग्रवाल ने विधि एवं कानून संबंधी सेवाओं में अवसर पर जानकारी दी। मैडम जया ज्याणी ने यातायात पुलिस एवं सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी तथा दुर्घटनाओं से कैसे बच सके इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी, विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए घर वालों को प्रेरित करने के लिए कहा जिससे दुर्घटनाओं कम से कम हो सके एवं सर्तकता बरते। रणवीर गोयल ने कामर्स वाणिज्य विषय में कैरियर चुनने के लाभ एवं सफलता हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को जानकारी दी। डॉ. ओ.पी गोयल ने चिकित्सा क्षेत्र जाने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य रिम्पा तलवार ने सभी अतिथिगणों विद्यालय परिवार की तरफ सभी आये हुए अतिथि, वक्ता एवं अभिभावक गणों आभार प्रकट किया तथा सभी सहयोगकर्तो का अभिभावक जनों धन्यवाद दिया तथा सभी विद्यार्थियों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाऐं दी और इसके साथ सभी लोगों को मुंगफली, रेवड़ी गजक का प्रसाद वितरित किया।

## युवा दिवस पर नवनियुक्त अपर लोक अभियोजक प्रताप सिंह शेखावत का सम्मान



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** युवा दिवस के अवसर पर युवाओं ने नवनियुक्त अपर लोक अभियोजक प्रताप सिंह शेखावत का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित युवा समुदाय ने उत्साहपूर्वक उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें प्रेरणा का स्रोत बताया। इस अवसर पर युवा अनिल सिंह राठौड़ ने कहा, प्रताप सिंह शेखावत युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और हिंदूवादी विचारधारा के प्रखर वक्ता हैं। उनके अपर लोक अभियोजक बनने से समाज के प्रत्येक व्यक्ति में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनकी सफलता युवाओं के लिए यह संदेश है कि मेहनत और सच्चाई के रास्ते पर चलने से बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में प्रिंस सिंगला ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, प्रताप सिंह शेखावत के विचार युवाओं में जोश और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उनकी ऊर्जा और साहस से सभी प्रभावित हैं। उनके हौसले और मेहनत ने यह साबित कर दिया है कि सही नेतृत्व और दृष्टिकोण से समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। युवाओं ने प्रताप सिंह शेखावत को फूल-मालाओं से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर झूमे श्रद्धालु

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** अयोध्या में रामलाल की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष में सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी भजन मंडल की ओर से विभिन्न कार्यक्रम हुए। सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले भजन मंडल के तत्वावधान में बालाजी धाम के पीछे शनिवार रात विशाल जागरण हुआ इसमें भक्त भजनों पर झूम उठे। खराब मौसम के बावजूद श्रद्धालु देर रात तक भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। सिद्धपुर से झांकी वाले बालाजी भजन मंडल के मुख्य सेवादार प्रेम अग्रवाल ने बताया कि भजन मंडल के मुख्य कलाकार सुरेंद्र सिंगल पुजारी, बृजेश तलवार, प्रेम अग्रवाल, मदन गोपाल चौधरी, सुमित सिंगल, विशाल भट्ट व अन्य भक्तों ने बाबा के गुणगान किया। इससे पूर्व शहर में निकली श्री राम रथ यात्रा में सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी भजन मंडल के सेवादारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। भजन मंडल के मुख्य सेवादार प्रेम अग्रवाल के नेतृत्व में मंडल सदस्यों ने इस यात्रा में भाग लिया एवं खूब जयकारे लगाए एवं नाचते झूमते रहे।



## किसान के खेत में बीती रात दो सोलर प्लेटों व दो होल्डर तार सहित हुए चोरी

**चूनावढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** थाना अंतर्गत चक 10 ए छोटी के किसान सुशील कुमार पुत्र हजारी राम जाति जाट के खेत में बीती रात को अज्ञात चोर खेत में लगे लूबी कंपनी के दो सोलर प्लेटों व दो होल्डर मय तार के चोरी करके ले गए पीड़ति किसान ने अपने आसपास के काश्तकारों तथा अन्य लोगो से काफी शानबीन की लेकिन उक्त का चोरी का कोई पता नहीं चला जिसको लेकर किसान सुशील कुमार ने रविवार को पुलिस थाना में उक्त चोरी के संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।



## नोज़गे के विद्यार्थियों ने बिग ड्रीम्ज़ प्रतियोगिता में जीते पदक

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** बिग ड्रीम्ज़ प्रतियोगिता का आयोजन श्री आत्म वल्लभ जैन गर्ल्स कॉलेज में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताएँ में नोज़गे पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अलग-अलग रैंकिंग हासिल कर गौरवान्वित किया। स्कूल स्टाफ़ शायना मक्कड़ ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी को किया गया। इस प्रतियोगिता में ज़िलेभर के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में नोज़गे स्कूल के विद्यार्थी भी छाये रहे। शायना मक्कड़ ने बताया कि कक्षा 11 जी व 11 आर (कॉमर्स) के छात्रों ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और तीनों आयोजनों में रैंक प्राप्त की। उन्होंने बताया कि दक्ष ( बिजनेस क्विज़ ) में कक्षा 11 जी के गुनीत और आयुष बलाना ने पहली रैंक, आयुमी ( 11जी ) ने दूसरी रैंक, कुणाल अग्रवाल ( 11 जी ) और केशव नंदन ( 11 जी ) ने तीसरी रैंक हासिल की। कार्यक्रम-2 बुझो तो जाने में आयुष बलाना ( 11 जी ) ने दूसरी रैंक, कार्यक्रम-3- द बिजनेस बाजीगर (विशिष्ट बिजनेस आइडिया के लिए टीम भागीदारी) में कक्षा 11 आर के कुणाल अग्रवाल, जय सिंह वाधवा व सार्थक छोड़ा ने पहली रैंक, कक्षा 11 जी के केशव नंदन, खुशाल, रुहान, अमन व धैर्य गोयल ने दूसरी रैंक हासिल की। इन सभी विजेता विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन व स्टाफ़ ने बधाई दी। इन मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों व गणमान्य लोगों ने प्रशस्ति पत्र व पदक भेंट किए।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ से तेहरपुरिया ने मुलाकात की

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन जी राठौड़ से उनके निवास पर भाजपा जिला कार्यालय मंत्री शिवप्रकाश तेहरपुरिया ने मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए श्रीगंगानगर जिले कर्मठ कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष नियुक्ति करने पर उनका आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। तेहरपुरिया ने भाजपा जिला कार्यालय श्रीगंगानगर से संबंधित अनेक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित विनोद तेहरपुरिया, राजेन्द्र, सुरेंद्र कुमार जी साथ थे।

## चित्रकला, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

जनमार्ग न्यूज



**रावतसर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन उपखंड अधिकारी रावतसर श्रीमान संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रणवीर व द्वितीय स्थान पर अनीता और तृतीय स्थान पर नवीन रहे इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सरस्वती द्वितीय स्थान पर कंचन व तृतीय स्थान पर अंबिका व किरण रही इसी केअंतर्गत निबंधलेखन में प्रथम स्थान पर आरजू द्वितीय स्थान पर रेखा व तृतीय स्थान पर भारत सोनी रहे इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रावतसर ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य श्री सत्यदेव जी राठौड़ ने गुड सेमेरिटन नागरिक के प्रमुख अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा सभी से यातायात नियमों के पालन करने का आग्रह किया। इसी क्रम में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक श्री राजीव गोदारा ने विद्यालय प्रशासन की भूमिका व दायित्व ,श्री जयदेव अध्यापक ने छात्र परिवहन हेतु सुरक्षित व्यवहार ,श्रीमती गुलाबो देवी व्याख्याता सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने के उपाय श्री उमेश कुमार ने हिट एंड रन मोटरयान संबंधी नियमों की व श्रीमती गुरमीत कौर ने सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार में छात्र-छात्राओं की भूमिका एवं श्री भगत सिंह ने यातायात नियमों का पालन करने संबंधी विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।

### श्रीराम कथा में रावण वध एवं भगवान राम के राजतिलक प्रसंग का वर्णन किया

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** विनोबा बस्ती स्थित श्रीदुर्गा मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा के नौंवे दिन शनिवार को कथा व्यास पं. मनोज दुबे (अयोध्यावाले) ने रावण वध तथा भगवान श्रीराम के राजतिलक प्रसंग का वर्णन करते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। भगवान राम रमेश चौक से पुष्पक विमान के रूप में सजाई गई विशेष बग्गी में बैठकर ढोल-नगाड़ों के साथ दुर्गा मंदिर पहुंचे। इस मौके पर संचेतन झांकियां भी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नाचकर व झूमकर भरपूर आनंद प्राप्त किया तथा जय श्रीराम के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान कर दिया।

## चूनावढ कस्बा सहित क्षेत्र में बूंदा-बांदी

### कड़ाके की सर्दी से जनजीवन प्रभावित



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** 2 दिन पूर्व कड़ाके की धूप निकलने के बाद अचानक मौसम ने पलटा मारा और शनिवार को कोहरा व धुंध एवं ठंडी हवाएं चलने से आमजन का जनजीवन प्रभावित हुआ शनिवार 11ः00 बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई जो दिनभर रुक-रुक कर होती रही पूरा दिन धुंध व कोहरे किया आगोश में लिफ्ट गया सूर्य देव के दर्शन तक नहीं हुए वहीं सुबह सवेरे चलने वाले वाहन अपने गंतव्य पर देरी से रवाना हुए घने कोहरे के चलते विजिबिलिटी 40 मीटर तक रही शीत लहर के चलते लोगों के कंपकंपा छूट गई गाड़ियां चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी वहीं क्षेत्र के चारों ओर धुंध छा जाने के कारण किसानों के चेहरों पर रौनक लौट आई किसानों का मानना है कि इस धुंध व कोहर से खेतों में खड़ी सरसों और गेहूं की फसल को काफी फायदा मिल रहा है।

## बिज ड्रीम्ज कार्यक्रम आयोजित

### मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद प्रतियोगिताएं हुई

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीगंगानगर में 11 जनवरी को 'बिज ड्रीम्ज-2025' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा ने बताया कि महाविद्यालय की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय द्वारा आयोजित इस बिजनेस इंवेट में दक्ष, दी बिजनेस क्विज, हुनर आपका, दी टेगलाइन, बिजनेस बाजीगर दी आईडिया एवं बूझो तो जाने आदि मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद प्रतियोगिताएं विद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर आयोजित की गई। किया। प्राचार्य डॉ. पंकजलता ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताएं आज के युवाओं को वाणिज्य के क्षेत्र में विभिन्न अवसरों से जोडने़ का मार्ग प्रशस्त करती हुई दिखाई दी। कार्यक्रम में श्री आत्म वल्लभ जैन शिक्षा न्यास अध्यक्ष अमरचंद बोरड़, सचिव नरेश जैन तथा कोषाध्यक्ष दीपक जैन विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं मे निर्णायक की भूमिका हितेश मितल, श्रीमती निकिता गांधी एवं श्रीमती रवनीत कौर ने निभाई।



कार्यक्रम संयोजक डॉ. निक्की शर्मा ने बताया कि दी टैगलाईन प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में गुनीत कौर व आयुष बलाना (नोजगे पब्लिक स्कूल) ने प्रथम, आयुमी सेतिया (नोजगे पब्लिक स्कूल) व रहीम कुरैशी (गुरू हरकृष्ण पब्लिक स्कूल) ने द्वितीय एवं कुनाल अग्रवाल व केशु नंदन (नोजगे पब्लिक स्कूल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दी टैगलाईन सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में गुरनूर कौर (श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज) प्रथम, महक वर्मा (श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज) द्वितीय, मनीष सिंघल (एस.डी. महाविद्यालय) एवं वैष्णवी सोनी (श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज) तृतीय रहे। बूझो तो जानो प्रतियोगिता में विशाल (गुरू हरकृष्ण पब्लिक स्कूल) ने प्रथम, आयुष बलाना (नोजगे पब्लिक स्कूल) ने द्वितीय एवं सुनील (गुरू हरकृष्ण पब्लिक स्कूल) ने तृतीय स्थान हासिल किया। बिजनेस बाजीगर प्रतियोगिता में जय सिंह, सार्थक व कुनाल (नोजगे पब्लिक स्कूल) ने प्रथम, कुशल, केशव नंदन, धैर्य, रूहान व अमन (नोजगे पब्लिक स्कूल) ने द्वितीय एवं उदय, रहीम (गुरू हरकृष्ण पब्लिक स्कूल) ने तृतीय स्थान तथा सीनियर वर्ग में युवराज (एस.डी. कॉलेज) ने प्रथम, हर्षिता, नवजोत व खुशप्रीत (जैन कन्या महाविद्यालय) ने द्वितीय एवं निशा, सविता, मनदीप व अनिशा (जैन कन्या महाविद्यालय) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट की शिक्षण संस्थाओं में मनाया लोहड़ी पर्व



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट की ओर से संचालित शिक्षण संस्थाओं में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बिहाणी एसडी विधि महाविद्यालय में निदेशक राजेंद्र राठी, शैक्षिक निदेशक डॉ कविता चौधरी, प्राचार्य डॉ. रिशुदेव बंसल ने लोहड़ी की अग्नि प्रज्जवलित कर लॉ स्टूडेंट्स को बधाई दी। इसी तरह सनातनी परंपरा वसुधैव कुटुंबकम् का निर्वहन करते हुए सेठ जी.एल. बिहाणी एसडी.सीनियर सेकंडरी स्कूल में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं अध्यापक अध्यापिकाओं ने लोहड़ी की पवित्र अग्नि को प्रज्वलित करके किया। उन्होंने अग्नि की परिक्रमा की तथा उसमें मूंगफली, रेवड़ी की आहुति देकर मंगल कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंच की सजावट ऋचा कलानी, तक्षशिला, कंचन स्वामी, प्रीति धुरिया ने अन्य अध्यापिकाओं के सहयोग से की। अध्यापिकाओं ने छात्राओं के साथ ढोल की थाप पर सामूहिक नृत्य भी किया। कक्षा 9 से 12 के बच्चों ने भंगडा ,गिद्दा तथा कई नृत्य प्रस्तुत किए । स्कूल की तरफ से सभी बच्चों को रेवड़ी, मूंगफली, टॉफी, पॉपकॉर्न बांटे गए। प्राचार्य अशोक ग्रोवर एवं उप प्राचार्य रेणु भादू ने बच्चों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए इसके महत्व तथा इसे मनाने के उद्देश्य से अवगत कराया। मंच संचालन छात्रा कुबेर डाबी एवं वंशिका ने किया।

## रामलला की पहली वर्षगांठ पर संगीतमय सुंदरकांड महापाठ किया

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर सनराईज द्वारा श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ तथा नववर्ष बालाजी के साथ कार्यक्रम के तहत एल ब्लॉक स्थित हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड महापाठ एवं भजन वर्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष नितिन खारीवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्री बालाजी संगीतमय सुन्दरकाण्ड मण्डल के सुन्दरकाण्ड गायकार अनिल अग्रवाल ने भजनों द्वारा भगवान श्रीराम तथा बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया। अंतर्मन को छूने वाले भजनों पर पदाधिकारियों व सदस्यों सहित समस्त श्रद्धालु झूम उठे। इस मौके पर क्लब पदाधिकारियों, सदस्यों तथा श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ किया गया तथा सभी ने भगवान श्रीराम व बालाजी महाराज के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के अंत में समस्त श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

अध्यक्ष नितिन खारीवाल ने बताया कि तत्पश्चात् गोवंश की सेवा करते हुए सर्दी के मौसम के मद्देनजर श्रीगंगानगर के निकटवर्ती मिर्जेवाला रोड 3 आरबी स्थित गो महल गौशाला में गौवंश को गुड़ के मीठे गुलगुले तथा गुड़ खिलाया गया तथा इस कार्यक्रम में आया समस्त चढ़ावा गो महल गौशाला को गौवंश हेतु भेंट किया गया।

CMYK



आज के दौर में भारतीय युवाओं का फूड हैबिट बदल गया है। जहां एक तरफ वे वेस्टर्न फूड-हैबिट्स को अपना रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर जागरूक भी हैं, इसलिए अपनी डाइट में सलाद को शामिल कर रहे हैं। बदलते ट्रेंड की वजह क्या है, सलाद किस तरह फायदेमंद होता है, आप भी जानिए।

## बदलता फूड हैबिट
# भारतीय युवाओं में बढ़ रहा सलाद खाने का क्रेज

आजकल दुनिया के दूसरे देशों के युवाओं की तरह जहां एक तरफ कुछ भारतीय युवा फास्ट फूड के दीवाने हो रहे हैं, वहीं उनमें सलाद के प्रति भी एक खास तरह का आकर्षण देखा जा रहा है। आखिर इस विरोधाभास का कारण क्या है? वे कौन से 5 ऐसे सलाद हैं, जो इन दिनों पूरे भारत में युवाओं को खूब पसंद आ रहे हैं?

**फास्ट फूड-सलाद पसंद करने की वजह:** युवाओं में एक साथ फास्ट फूड और सलाद के प्रति बढ़ते आकर्षण के पीछे कई कारण हैं, जो सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य-संबंधी दृष्टिकोणों से जुड़े हैं। फास्ट फूड के प्रति तो आकर्षण का मुख्य कारण इसका स्वाद, इसकी त्वरित उपलब्धता, तेज रफ्तार जीवनशैली के लिए इसका अनुकूलित होना है। साथ ही साथ आजकल यार-दोस्तों से मिलने के लिए फास्ट फूड आउटलेट्स एक मीटिंग प्वॉइंट भी बन गया है। फास्ट फूड्स के बढ़ते क्रेज के पीछे इसके जोरदार मार्केटिंग का भी हाथ है। एक सोची-समझी रणनीति के तहत बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने फास्ट फूड ब्रांड्स का जबरदस्त विज्ञापन करती हैं। इस सबके कारण भी युवा इनके जाल में आसानी से फंसते हैं। आज ठीक-ठाक सैलरी पाने वाले युवा हर महीने औसतन चार-पांच हजार रुपए तक फास्ट फूड में खर्च कर देते हैं। यही वजह है कि 90 फीसदी फास्ट फूड का उपभोग करने वाले भारतीय युवाओं के बीच इसके उपभोग में 15 से 20 फीसदी सालाना की बढ़ोत्तरी हो रही है।



**बढ़ रहा सलाद का क्रेज:** एक तरफ जहां स्वाद और आधुनिक जीवनशैली, युवाओं को फास्ट फूड की तरफ आकर्षित करती है, वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती सजगता, बढ़ता मोटापा, शुगर और हृदय रोगों के युवाओं में बढ़ते मामले और मॉडर्न-ग्लोबल खान-पान में सलाद (सैलेड) का बढ़ता चलन भी युवाओं को इसकी तरफ खींचता है। बढ़ते फिटनेस ट्रेंड की वजह से भी सलाद 'हेल्दी डाइट' के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। इस सबके अलावा सोशल मीडिया में फ्लैश होने वाली कलरफुल और क्रिएटिव सलाद की तस्वीरें और वीडियोज भी युवाओं को सलाद की तरफ आकर्षित करती हैं।

**5 सबसे पॉपुलर सलाद:** अब आप यह भी जरूर जानना चाहेंगे कि यंगस्टर्स में किस प्रकार के सलाद सबसे अधिक पॉपुलर हैं।

**क्विनोआ और एवोकाडो सलाद:** प्रोटीन और हेल्दी फैट्स से भरपूर होने के कारण यह सलाद फिटनेस-फ्रीक युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय है। इसमें अनार और जैतून का तेल (ऑलिव ऑयल) मिलाने के बाद यह हेल्दी के साथ-साथ टेस्टी भी हो जाता है।

**ग्रीक सलाद:** खीरा, टमाटर, जैतून, चीज और ऑरिगैनो के कॉम्बिनेशन से तैयार ताजगी से भरपूर यह सलाद, इंस्टेंट एनर्जी देता है।

**चिकन सीजर सलाद:** ग्रिल्ड चिकन, लेट्यूस और पार्मेजन चीज से मिलकर बना यह सलाद भी युवाओं के बीच खूब लोकप्रिय है।

**स्प्राउट्स सलाद:** अंकुरित मूंग और चना, नीबू और मसालों के साथ तैयार स्प्राउट्स सलाद प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है।

**फल-मेवे का सलाद:** सेब, संतरा, अनार, अखरोट और किशमिश मिला यह सलाद हेल्दी और टेस्टी होता है। इसलिए युवाओं को खूब भाता है।



**सिर्फ सलाद कितना सेहतमंद:** सलाद के हेल्थ बेनिफिट्स को देखते हुए बहुत से युवा अपनी रेग्युलर डाइट में सिर्फ सलाद को शामिल करते हैं। यह हेल्थ के लिए कितना सही है, इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि सिर्फ सलाद पर निर्भर रहना स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है, क्योंकि इससे शरीर में पोषण की कमी हो जाती है। सलाद में प्रोटीन, फैट, और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा कम होती है। इस कारण सिर्फ सलाद खाने से शरीर को पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिलती, खासकर युवा और एक्टिव व्यक्तियों को। ऐसे में लंबे समय तक सिर्फ सलाद पर निर्भर रहने से शरीर में कमजोरी फील होने लगती है और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की भी कमी हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि पूरी तरह सलाद पर निर्भर रहने के बजाय इसे संतुलित आहार का हिस्सा बनाया जाए। कहने का मतलब इसके साथ दाल, रोटी, चावल, प्रोटीन (चिकन, पनीर, टोफू) और हेल्दी फैट्स (जैतून का तेल, नट्स) आदि को भी अपनी रेग्युलर डाइट में शामिल करना चाहिए। ❋

### उभरता फूड बिजनेस बन रहा सलाद

युवाओं में सलाद के प्रति बढ़ते आकर्षण के कारण भारत में सलाद का बिजनेस तेजी से उभर रहा है। विशेषकर शहरी युवा जंक फूड की जगह या कई बार उसके साथ ही हेल्दी विकल्पों को भी चुन रहे हैं। विशेषकर मेट्रो शहरों में रहने वाले कामकाजी युवा रेडी-टू-ईट सलाद को पसंद कर रहे हैं, क्योंकि यह समय बचाने वाला विकल्प भी है। साथ ही क्लाउड किचेन और फूड डिलीवरी एप्स के कारण भी सलाद को लेकर अवेयरनेस बढ़ी है। इसी वजह से साल 2024 में भारतीय सलाद बाजार का आकार बढ़कर तीन से चार हजार करोड़ तक पहुंच गया है और यह 10 से 12 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है।



भारत में बढ़ते शहरीकरण और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते यह उद्योग अभी और बड़ा होगा। आने वाले दिनों में 'ऑर्गेनिक सलाद' और 'हर्बल सलाद' जैसे विशिष्ट सलाद उत्पादों की मांग बढ़ने वाली है। क्योंकि सलाद आने वाले दिनों में वेलनेस फूड्स और फिटनेस डाइट प्लानिंग्स में अपनी मजबूत जगह बनाएगा। साथ ही अभी भारतीय युवाओं का सलाद कंजंप्शन और भी बढ़ेगा, क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि भारत में अभी युवा जहां सालाना औसतन 5 से 7 किलो सलाद खा रहे हैं, वहीं अमेरिकी युवा साल में 20-25 किलोग्राम सलाद खाते हैं। जबकि इटली, ग्रीस और फ्रांस में भी युवा औसतन 15 से 20 किलो सलाद खा रहे हैं।

# पतंगबाजी का लें मजा थामे रखें सुरक्षा की डोर

यह सही है कि पतंगबाजी के बिना मकर संक्रांति का उल्लास अधूरा-सा लगता है। इस अवसर पर बेशक आप पतंगबाजी का लुत्फ उठाइए, लेकिन दूसरे लोगों और पक्षियों की सुरक्षा के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।



हालांकि पतंगबाजी, मकर संक्रांति के पर्व से जुड़ी खूबसूरत परंपरा है। लेकिन थोड़ी सी अनदेखी और नासमझी के चलते आसमान को पतंगों से रंग-बिरंगा कर देने वाली यह रीत कई बार तकलीफदेह बन जाती है। प्रकृति के पूजन से जुड़े इस सुंदर उत्सव को थोड़ी सी सजगता और समझ से और भी जीवंत बनाया जा सकता है। अपनी और दूसरों की खुशियां सहेजी जा सकती हैं।

**हो सकती हैं दुर्घटनाएं:** पतंगबाजी के उत्साह में की गई गलतियां कई बार अपने लिए ही नहीं, दूसरों के लिए भी पीड़ादायी बन जाती हैं। कभी दोपहिया वाहन चालकों का मांझे से उलझ जाना तो कभी छोटे बच्चों का छत से गिर जाना। बिजली के खंभे से पतंग उतारने की कोशिश में करंट लगने से भी बच्चों और बड़ों की जान जाने की घटनाएं होती रहती हैं। साथ ही पतंग कटने पर उसका पीछा करते हुए सड़कों पर बच्चों के दौड़ने से भी कई हादसे होते रहते हैं।



**सावधानी है जरूरी:** उत्तरायण पर्व का आनंद लेने के लिए इस त्योहार को समग्रता के साथ मनाएं। घर में अपनों के साथ समय बिताएं। खुली जगह या छत पर पूरी एहतियात से पतंगबाजी करें। बच्चे हों या बड़े, पतंग उड़ाने के लिए ट्रैफिक वाली सड़क पर बिल्कुल ना निकलें। आसमान में उड़ती पतंग की ओर ताकते हुए सड़क पर किया गया मूवमेंट खतरनाक हो सकता है। बच्चों में कटी पतंग पाने का बहुत क्रेज होता है। इस भागदौड़ में वे कई बार रेलवे ट्रैक पर या बिजली के खंभों पर भी चढ़ जाते हैं। पैरेंट्स बच्चों और टीन एजर्स को ऐसी गलती न करने की समझाइश दें। रेलवे ट्रैक हो या सड़कें, हाई वोल्टेज वाली बिजली लाइनों के आस-पास पतंग उड़ाने से बचना चाहिए। पतंगबाजी के दौरान ध्यान रखें कि न तो खुद अपने या परिजनों के साथ कोई हादसा हो और न ही दूसरे लोगों को कोई नुकसान पहुंचे।

**ऐसे मांझे का न करें प्रयोग:** नायलॉन के धागे पर मेटेलिक पावडर लगाकर बनाया गया घातक मांझा, इंसानों के लिए ही नहीं पक्षियों के लिए भी खतरनाक होता है। कांच और लोहे का पावडर पीसकर धारदार बनाए गए इस खतरनाक मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के नियम को मानना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह धागा एनवॉयरनमेंट फ्रेंडली नहीं होता। त्योहार बीत जाने के बाद भी कचरे के ढेर में फेंके गए धागे सफाईकर्मियों के लिए मुसीबत बनते हैं तो पेड़ों में उलझे धागे पक्षियों को नुकसान पहुंचाते हैं। पतंगबाजी के लिए सही जगह का चुनाव और सूती मांझे का उपयोग बहुत से हादसों को टाल सकता है।

**ताकि सुरक्षित रहें पक्षी:** मकर संक्रांति के अवसर पर असावधानी से होने वाली दुर्घटनाओं में इंसानों को ही नुकसान नहीं पहुंचता, मांझे में उलझकर पक्षियों के लिए भी संकट पैदा होता है। पतंगबाजी को तेजधार के मांझे का इस्तेमाल कर प्रतिस्पर्धा बना देने का जुनून बहुत से पक्षियों को उड़ान भरने योग्य नहीं रहने देता। उड़ान भरते हुए पंख कट जाने से कितने ही पक्षी घायल हो जाते हैं। कितनों की तो जान चली जाती है। सुबह का समय पक्षियों के घोंसलों से निकल कर खाना ढूंढने, किसी दूसरी जगह जाने और शाम का वक्त घोंसलों में लौटने का होता है। इसलिए पक्षियों की सुरक्षा के मद्देनजर सुबह नौ बजे से पहले और शाम को पांच बजे के बाद पतंग उड़ाने से बचना चाहिए।

कहने का सार है कि मकर संक्रांति के पर्व को हम परंपरागत रंग-ढंग से मनाएं। हमारे रीति-रिवाज में न तो चीनी मांझे की कोई जगह है और न ही पतंगबाजी से जुड़ी लापरवाही की। पर्व खुशी मनाने के प्रतीक हैं तो इससे किसी को भी तकलीफ न पहुंचे, हमें ध्यान रखना चाहिए। ❋

## बहुपयोगी है
# देव वृक्ष देवदार

देवदार का पेड़ हिमालय की पर्वत मालाओं में तीन से चार हजार मीटर तक की ऊंचाई पर उगता है। ऐसा लगता है, मानो ये पेड़ आसमान को छू रहे हों। देवदार को 'देवताओं का पेड़' भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यता है कि देवी पार्वती इसे अपने बेटे कार्तिकेय की तरह प्यार करतीं और उसकी देखभाल करती थीं। महाकवि कालिदास ने अपनी रचनाओं में देवदार के वृक्ष का कई बार उल्लेख किया है।



**कहां पाए जाते हैं देवदार :** भारत में गढ़वाल-कुमाऊं, असम, कश्मीर में देवदार के बड़े घने जंगल पाए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के मंदिरों के परिसरों, जैसे चंबा के चौरासी मंदिर में देवदार के पेड़ देखने को मिलते हैं। भारत से बाहर नेपाल में भी देवदार के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं।

**लंबी आयु वाला सदाबहार वृक्ष:** देवदार, कॉनिफर प्रजाति का सुंदर, लंबी उम्र वाला सदाबहार वृक्ष है। इसका वैज्ञानिक नाम 'सीडरस दियोदारा' है। लोक भाषा में इसे 'दियार', 'केलो' या 'कीलों' कहा जाता है। इसकी पत्तियां पतली और कीली होती हैं। इसका घेरा ऊपर से नीचे तक होता है। इसमें एक मोटा तना होता है, जिसके चारों ओर पतली-पतली शाखाएं ऊपर तक फैलती जाती हैं। अगर वातावरण अनुकूल हो, तो देवदार की नई पौध, बड़े पेड़ों के नीचे अपने आप ही उग आती है। देवदार के पेड़ में अप्रैल-मई के माह में फूल आते हैं और जनवरी तक फल आते रहते हैं।

**हर हिस्सा है उपयोगी:** देवदार की लकड़ी सुंदर, हल्की और बहुत टिकाऊ होती है। इसमें एक सुंगधित तेल पाया जाता है, यही वजह है कि देवदार के वृक्ष में कभी कीड़ा नहीं लगता। पहले देवदार की लकड़ी से रेलवे स्लीपर बनाए जाते थे, पर अब यह फर्नीचर और संदूक आदि के लिए ही इस्तेमाल की जाती है। इसकी बनी चीजें जल्दी खराब नहीं होती हैं। इसका तेल कीटनाशकों में डाला जाता है और मालिश में भी उपयोगी है। साथ ही यह अनेक औषधियों के निर्माण में भी काम आता है। इसकी पत्तियों और छाल से भी आयुर्वेदिक दवाएं बनाई जाती हैं।



**इसकी लकड़ियां काटने पर है प्रतिबंध:** हिमालय के कच्चे पहाड़ अत्यधिक वन कटाई के कारण धसक रहे हैं, टूट-टूट कर गिर रहे हैं। इस कारण सरकार ने देवदार के पेड़ काटने पर रोक लगा रखी है ताकि देवदार पेड़ की जड़ें पत्थरों को पकड़े रहें और पत्थरों का कम से कम कटान हो। देवदार के जंगल वातावरण शुद्ध करते हैं और भरपूर ऑक्सीजन छोड़ते हैं। इस कारण हिमालय के पर्यावरण के लिए देवदार का पेड़ बहुत उपयोगी माना जाता है। ❋

उत्तराखंड के चमोली में स्थित क्षेत्रपाल लाटू देवता का मंदिर बहुत अनोखा है। इसकी विशेषताओं के बारे में लेखक बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# बहुत अनोखा है लाटू देवता का मंदिर

पिछले साल की बात है, गर्मियां शुरू हो गई थीं और दिल्ली की गर्मी से बचने के लिए मैं एक दोस्त के निमंत्रण पर राजधानी से 431 किमी दूर उत्तराखंड के चमोली पहुंच गया। दोस्त ने कहा, 'बहुत शुभ अवसर पर आए हो, कल (वैशाख पूर्णिमा) को लाटू देवता मंदिर के कपाट खुलने वाले हैं।' मैंने इस मंदिर के बारे में कभी नहीं सुना था, इसलिए इसके महत्व को जानने की जिज्ञासा उत्पन्न हो गई।



**मंदिर में प्रवेश है निषेध:** क्षेत्रपाल लाटू देवता का मंदिर वाण गांव में है, जो चमोली जिले के देवाल ब्लॉक में स्थित है। मंदिर के कपाट साल में केवल एक बार, एक दिन के लिए खुलते हैं, उसी दिन शाम को बंद भी कर दिए जाते हैं। लेकिन कोई भी भक्त मंदिर के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। मान्यता है कि अगर कोई मंदिर की दहलीज पर कदम भी रख दे तो वह अंधा हो सकता है। इसलिए श्रद्धालु मंदिर से 50 से 75 फीट की दूरी से ही पूजा-अर्चना करते हैं।



**आंख पर पट्टी बांध पुजारी ने की पूजा:** अगले दिन मैं अपने दोस्त के साथ लगभग 1.30 बजे वाण गांव पहुंचा। दोपहर ठीक 2 बजकर 10 मिनट पर पुजारी, जिनकी आंखों पर काली पट्टी बंधी हुई थी, ने लाटू मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए। पुजारियों ने सफाई के लिए गर्भगृह में प्रवेश किया। लगभग आधे घंटे तक मुख्य पुजारी ने आंख-मुंह पर पट्टी बांधकर मंदिर के अंदर पूजा-अर्चना की और सबके सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। जैसे ही मंदिर के कपाट खुले, वहां मौजूद श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर पारंपरिक ढोल व दमाऊ की थाप पर जागरों के साथ झोडा, झुमेला लोकनृत्य किया। मंदिर परिसर लाटू देवता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया था।

**मंदिर को लेकर प्रचलित मान्यता:** मैं अब भी यह नहीं समझ पाया था कि पुजारियों ने आंख और मुंह पर पट्टी बांधकर ही गर्भगृह में प्रवेश क्यों किया और किसी भी महिला और पुरुष को मंदिर के अंदर प्रवेश करने की अनुमति क्यों नहीं है? ऐसा क्या रहस्य है? मेरे दोस्त ने बताया कि यहां आम भक्त तो क्या मंदिर के पुजारी भी भगवान के दर्शन नहीं करते हैं। पुजारियों को केवल यह अनुमति है कि वह साफ-सफाई के लिए अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं और वह भी सिर्फ वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन, कपाट खोलने बंद करने के समयों पर। आम भक्त या पर्यटक को यह अनुमति भी नहीं है कि वे अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर मंदिर के अंदर प्रवेश कर सकें। मान्यता है कि इस मंदिर में लाटू देवता के साथ ही नागराज और उनकी अद्भुत मणि भी विराजमान है। मान्यता यह भी है कि लाटू देवता ही मंदिर में नागराज के रूप में कैद हैं। मणि का तेज इतना अधिक तीव्र बताया जाता है कि कोई उसे देख नहीं सकता। जो देख लेता है, वह अपनी आंखों की रोशनी खो बैठता है। इसलिए दूर से ही दर्शन करने की व्यवस्था है। श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है कि लाटू देवता सबकी मनोकामना पूरी करते हैं। इसीलिए लोग बहुत दूर-दूर से अपनी मुरादें लेकर यहां आते हैं। ❋

धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से उत्तर भारत में जो स्थान गंगा को प्राप्त है, दक्षिण भारत में वही महत्ता कावेरी को दिया जाता है। यही नहीं पेय जल और कृषि के लिए भी कावेरी को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हैं। इसकी विशेषताओं पर एक नजर।

## दक्षिण भारत की गंगा
# सदानीरा कावेरी

दक्षिण भारत की गंगा कही जाने वाली कावेरी नदी के बारे में स्कंद पुराण के कावेरी महात्म्य खंड में लिखा गया है-

*कावेरी विमला पुन्या जाह्नवीत्यथवा स्मृता।*
*सरिद्राज्ञी सदा भक्त्या सेविता सुरसिद्धिभिः।।*

अर्थात पवित्र नदी कावेरी निर्मल और पुण्यदायिनी है। देवताओं और सिद्ध पुरुषों द्वारा पूजित यह सभी का कल्याण करती है। इस उल्लेख से पता चलता है कि दक्षिण भारत के लिए कावेरी का वही महत्व है, जो भौगोलिक, ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व उत्तर भारत के मैदानी भाग के लिए गंगा नदी का, पूर्वोत्तर भारत के लिए ब्रह्मपुत्र का, पश्चिमी भारत के लिए नर्मदा का और उत्तर पश्चिम भारत के लिए सिंधु नदी का है। कहने की जरूरत नहीं है कि कावेरी का दक्षिण भारत के लिए हर लिहाज से बहुत ज्यादा महत्व है।



**आठ सौ किमी लंबी नदी:** कर्नाटक के कोडागु जिले में स्थित चेरंगला गांव के पास ब्रह्मगिरि पर्वत श्रंखला से निकलने वाली कावेरी नदी, दक्षिण भारत के तीन राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल तथा एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में बहती है और अपने उद्गम से करीब 800 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

**बड़े क्षेत्र को करती है हरा-भरा:** कावेरी नदी के बेसिन का कुल क्षेत्रफल 81,155 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 2.7 प्रतिशत है। कावेरी नदी तमिलनाडु के 43,868 वर्ग किलोमीटर, कर्नाटक के 34,373 वर्ग किलोमीटर, केरल के 2,866 वर्ग किलोमीटर तथा पुडुचेरी के 148 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल को सिंचाई और पेयजल का महत्वपूर्ण स्रोत है। कावेरी की सहायक नदियों में उसमें बाईं तरफ से आकर मिलने वाली हेमावती, शिम्सा, अर्कावती और दायीं दिशा से आकर उसमें मिलने वाली काबिनी, भवानी, नोय्यल और अमरावती हैं। कावेरी नदी के किनारे बसे हुए महत्वपूर्ण शहरों में तालकावेरी, भागमंदाला, जितेमद्र, श्रीरंगपट्टन, मुथथी, मेकेडाट्टू, होगेनक्काल, मेट्टूर, भवानी, इरोड, करूर, नामक्कल, त्रिचुरापल्ली, तंजावुर और कुंभकोणम हैं।



**ऐतिहासिक महत्ता:** अगर कावेरी के ऐतिहासिक महत्व को देखना हो तो प्राचीन तमिल संगम साहित्य में देखा जा सकता है। चोल, चेर और पांड्य साम्राज्यों के समय में कावेरी नदी के किनारे समृद्ध परंपराएं विकसित हुईं। चोलवंश ने कावेरी के जल का उपयोग करते हुए उन्नत किस्म की सिंचाई प्रणाली विकसित की थी, जो उनके दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा समृद्ध होने का आधार था।

**धार्मिक-सांस्कृतिक महत्ता:** जहां तक कावेरी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की बात है तो इसे यूं ही दक्षिण भारत की गंगा नहीं कहा जाता, इसके तट पर कई ऐसे प्राचीन मंदिर स्थित हैं, जिनकी धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतिष्ठा बहुत ज्यादा है। तमिलनाडु का श्रीरंगम मंदिर, जो भगवान विष्णु को समर्पित है और हिंदू धर्म के सबसे पवित्र स्थानों में से एक माना जाता है, वह कावेरी तट पर ही स्थित है। कर्नाटक में हर साल कावेरी पुष्कर नामक जो उत्सव मनाया जाता है, उसके तहत लाखों लोग पवित्र कावेरी नदी में स्नान करते हैं। कावेरी नदी के किनारे बसा हिंदुओं के सबसे पवित्र शहरों में से एक त्रिचुरापल्ली भी है, जो बहुत बड़ा तीर्थ है।



**खेती के लिए वरदान:** कावेरी नदी के डेल्टा पर बहुत उन्नत किस्म की खेती होती है, इसलिए कर्नाटक और तमिलनाडु में कावेरी के पानी को लेकर हमेशा एक विवाद बना रहता है। प्राचीन तमिल साहित्य में पुन्नी नदी के नाम से जाने वाली कावेरी में बहकर आई जो महीन गाद जमा होती है, वह इसे बेहद उर्वर नदी बनाती है। 23,908 घन फीट/से. के प्रवाह से बहने वाली कावेरी के भौगोलिक महत्व को इस बात से ही जाना जा सकता है कि यह कर्नाटक में कर्नाटक कृषि की जीवनरेखा और तमिलनाडु में तमिलनाडु कृषि की जीवनरेखा मानी जाती है। कावेरी नदी का जल दोनों प्रदेशों के लाखों किसान परिवारों की आजीविका का साधन है। दक्षिण भारत में सर्वाधिक चावल, गन्ना और दालों की आपूर्ति कावेरी नदी की सिंचित कृषि भूमि क्षेत्र से ही होता है। इस पर जहां कर्नाटक में कृष्णराज सागर नामक विशाल बांध बना हुआ है, वहीं तमिलनाडु में इस पर मेट्टूर नामक विशाल बांध बनाया गया है, जो दोनों प्रदेशों में सिंचाई के साथ साथ विद्युत उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कावेरी नदी में बड़े पैमाने पर मत्स्य पालन भी होता है, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। ❋

# मल मास के उपलक्ष में भव्य भंडारे का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** मल मास के शुभ अवसर पर शनिवार को नगर परिषद के पूर्व अधिशाषी अभियंता सुभाष बंसल और उनकी पत्नी मीना बंसल द्वारा जंक्शन अंबेडकर चौक पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का उद्देश्य क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना करना था। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के सफल संचालन में प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय और पार्षद गौरव जैन ने भी सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दीं। तरुण विजय ने इस अवसर पर कहा, इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे का संदेश जाता है। यह पुण्य का कार्य है, जिसमें भाग लेने से आत्मिक संतोष और आनंद प्राप्त होता है। आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बंसल परिवार और उनकी टीम ने पूरी मेहनत की। इस मौके पर नरेश गर्ग बिट्टू, प्रदीप अग्रवाल, विवेक कामरा, रामप्रसाद मीना इमद, अमृतलाल अग्रवाल, लकी बंसल, शांति बिस्सा, सोमनाथ गर्ग, रामजी दस गर्ग, धर्मपाल जिंदल, पनव गर्ग ने अपनी सेवाएं दी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विवेकानन्द सेवा ट्रस्ट, श्रीगंगानगर के तत्वाधान में विवेकानन्द जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह अग्रवाल स्कूल, इंदिरा कॉलोनी, श्रीगंगानगर में मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि राजकुमार गुप्ता, अध्यक्षता कविता गुप्ता, विशिष्ठ अतिथि सुरेश खेमका, जगीर चंद फरमा, जय प्रकाश गुप्ता, भानी राम जैन, महावीर प्रसाद गोयल, राधेश्याम अग्रवाल, विनोद जैन, अशोक अग्रवाल, अशोक गर्ग, सुशील बांठिया आदि लोग उपस्थित थे।





ट्रस्ट अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में स्वामी विवेकान्द द्वारा कहा गया है कि उठो मेरे शेरों, इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो, तुम एक अमर आत्मा हो, स्वच्छंद जीव हो, धन्य हो, सनातन हो, तुम तत्व नहीं हो, न ही शरीर हो, तत्व तुम्हारा सेवक है, तुम तत्व के सेवक नहीं हों। शक्ति जीवन है तो निर्बलता मृत्यु हैं। विस्तार जीवन है और संकुचन मृत्यु हैं।

सुरेश खेमका द्वारा सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया तथा स्वामी विवेकानन्द के बारे में कहा उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए÷। वे युवाओं में आशा और उम्मीद देखते थे। उनके लिए युवा पीढ़ी परिवर्तन की अग्रदूत है। उन्होंने कहा था- युवाओं में लोहे जैसी मांसपेशियां और फौलादी नसें हैं, जिनका हृदय वज्र तुल्य संकल्पित है।

जगीर चन्द फरमा ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द जी ने का जीवन युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति प्रेरित करता तथा उन्होंने यह भी कहा, सबसे ऊँचा देखो, सबसे ऊँचा लक्ष्य रखो, और तुम सबसे ऊँचे तक पहुँच जाओगे।उनका संदेश सरल लेकिन शक्तिशाली था। विवेकानंद ने अपने विचारों को सीधे लोगों तक पहुँचाया, खासकर युवाओं तक। प्रधानाचार्य कविता गुप्ता ने विवेकानन्द सेवा ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों का विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित करने पर धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

# नव पदोन्नत डीआईजी गौरव यादव का किया सम्मान

## बालक रूद्र की सकुशल बरामदगी तथा अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी पर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली को सराहा



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भाजपा नगर मंडल पश्चिम क्षेत्र, श्रीगंगानगर अध्यक्ष सुशील अरोड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का शिष्टमंडल पुलिस अधीक्षक गौरव यादव से मिला। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान मंडल अध्यक्ष सुशील अरोड़ा तथा कार्यकर्ताओं ने डीआईजी के पद पर नव पदोन्नत श्रीगंगानगर के पुलिस अधीक्षक गौरव यादव को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर त्वरित कार्यवाही करके बालक रूद्र शर्मा को सकुशल परिजनों से मिलाने तथा अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी पर पुलिस प्रशासन की चुस्त कार्यशैली की सराहना की गई तथा पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उप अधीक्षक को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मण्डल अध्यक्ष सुशील अरोड़ा ने कहा कि पुलिस प्रशासन, जागरूक युवाओं तथा नागरिकों की सक्रियता से ही बालक रूद्र सकुशल परिजनों से मिल पाया है, इसके लिए उन्होंने सबको साधुवाद दिया तथा कहा कि पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के कार्यकाल में नशे पर अंकुश लगने के साथ-साथ अपराधियों की गिरफ्तारी से आमजन को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की सतर्कता तथा नागरिकों के सहयोग से ही अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश सम्भव है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, मंडल महामंत्री नवल किशोर शर्मा, उमेश, रिंकू सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कमल भारद्वाज, सेम कालड़ा, मांगीराज बायड, मुकेश मक्कड़, रवि गौड़, मदन स्वामी, प्रभु शर्मा, राजेश सिडाना, संतोष गुप्ता, नरेश गर्ग, प्रवीण भठेजा, विजय भाटिया, मुकेश चंदेल, अनिल धारीवाल, करण वाल्मीकि सहित भाजपा नगर मण्डल पश्चिम क्षेत्र कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बारिश से फसलों को मिला जीवन दान

जनमार्ग न्यूज

**4 एम एल।** आज सुबह से मौसम खराब होने से लगभग 12 बजे हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई जो कि दोपहर बाद तक जारी थी। जिले के कुछ हिस्से में गरज के साथ तेज बारिश होने की संभावना बताई गई थी। सुबह से ही ठंडी हवा के साथ अंधेरा छाया आसमान में बादल छाने लगे। बादल ने गरजना शुरू कर दिया। इसके बाद करीब 12 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। किसानों ने बताया कि लोहड़ी पर्व बारिश आती हैं जो कि फसलों के लिए अमृतवर्षा होती हैं।बारिश से पत्तो पर जमा जहर साफ होने से पत्ते साफ हो गए।बारिश से फसलो को अत्याधिक फायदा हुआ है।वही आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# ग्राम विकास कार्यों पर की चर्चा

## कृषि उपज मण्डी समिति पूर्व अध्यक्ष ग्रेवाल का किया अभिनंदन



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** कृषि उपज मण्डी समिति, केसरीसिंहपुर के पूर्व अध्यक्ष स. बलविंदर सिंह ग्रेवाल के कमीनपुरा 27 एफ पधारने पर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा ग्रामवासियों द्वारा उनका स्वागत-अभिनंदन किया गया। भाजपा जिला प्रवक्ता आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर उन्होंने ग्राम में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। इस अवसर पर सरपंच मन्नू कुमारी, पंचायत सेक्रेटरी भवानी, भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष पूर्ण चंद तथा महामंत्री गुरविंदर संधू ने स. बलविंदर सिंह ग्रेवाल को सम्मान प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जिला व्यापार संघ का सर्वसम्मति से गठन

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** पुरानी धानमंडी स्थित ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में शनिवार को श्रीगंगानगर जिले के व्यापारियों के आह्वान पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में श्रीगंगानगर के अनेक व्यापारिक संगठनों से जुड़े प्रतिष्ठित व्यापारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने की। इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा श्रीगंगानगर में जिला स्तरीय व्यापारिक संगठन नहीं होने की कमी को महसूस किया गया। इस पर गहन विचार-विमर्श के पश्चात् सर्वसम्मति से 'श्रीगंगानगर जिला व्यापार संघ' के नाम से व्यापार संघ का गठन किया गया। इस संगठन का उद्देश्य पूरे जिले के व्यापारी वर्ग के हितों की रक्षा करना तथा व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करना होगा।



बैठक को सम्बोधित करते हुए श्रीगंगानगर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने कहा कि श्रीगंगानगर जिले की तहसीलों एवं मण्डियों के व्यापारियों तथा व्यापारिक संगठनों को श्रीगंगानगर मुख्यालय पर आकर ज्ञापन आदि प्रशासन को सौंपने पड़ते हैं, जिससे काफी समय एवं धन की बर्बादी होती है। स्थानीय स्तर पर उनकी समस्याओं को उठाने व निराकरण करवाने में श्रीगंगानगर जिला व्यापार संघ द्वारा अग्रणी भूमिका निभाई जाएगी।

बैठक को संयुक्त व्यापार मण्डल पूर्व महासचिव नरेश सेतिया, कालीचरण अग्रवाल, प्रवीण धींगड़ा, बिट्टू टक्कर, रजनेश बहल, पवन बत्तरा, मनोज डुंगाबुंगा, सिमरजीत सिंह मरवाहा, बोबी पहलवान आदि व्यापारियों ने सम्बोधित किया तथा शीघ्र श्रीगंगानगर जिला कार्यकारिणी गठन के साथ-साथ तहसीलों एवं मण्डियों में भी संगठन का विस्तार करने की घोषणा की। जिला व्यापार संघ की आगामी बैठक जनवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित करना निश्चित किया गया, जिसकी दिनांक, समय एवं स्थान की सूचना से सभी सदस्य व्यापारियों को शीघ्र अवगत करवा दिया जाएगा।

# रामलला की पहली वर्षगांठ तथा लोहड़ी व मकर सक्रांति पर्व गौ सेवा करके मनाया

## बालक रूद्र को बचाने वाले साहसी युवाओं को किया सम्मानित : किशन खारीवाल

**श्रीगंगानगर।** सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी महाराज की प्रेरणा से अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति तथा महिला अग्र सेवा समिति परिवार द्वारा श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम राम मंदिर में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ तथा मकर संक्रांति व लोहड़ी पर्व गौ सेवा करके मनाया गया। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत सुखाडिड़ा सर्किल स्थित श्रीगौशाला में गौवंश को 33 सवामणी हरे चारे की खिलाने के साथ-साथ एक सवामणी गुड़ की व एक सवामणी केले की खिलाई गई। इसके बाद गौशाला परिसर स्थित परिंदा विहार में बेजुबान पक्षियों को एक सवामणी दाना-चुग्गा भी खिलाया गया। इस सेवा कार्य में समाजसेवी अशोक चांडक, पूर्व सभापति श्रीमती करूणा चांडक, तेशा चांडक तथा अर्जुन चांडक का विशेष सहयोग रहा।





तत्पश्चात् गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बालक रूद्र शर्मा को सकुशल परिजनों से मिलाने एवं अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 7 साहसी युवाओं को समाजसेवी अशोक चाण्डक, पूर्व सभापति करूणा चांडक, अग्र समिति परिवार अध्यक्ष किशन खारीवाल सहित पदाधिकारियों व सदस्यों ने माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके शौर्य व साहस की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि आपसी सहयोग व एकजुटता से ही अपराधों पर अंकुश सम्भव है। इस मौके पर अध्यक्ष किशन खारीवाल ने अग्र समिति परिवार की सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह गौ सेवा प्रकल्प के तहत गौमाता को हरा चारा, गुड़ व केले, फल आदि खिलाने के साथ-साथ पक्षियों को दाना-चुग्गा खिलाया जाता है।

# झोपड़ी से मिला युवक का शव : सिर पर गहरी चोट

जनमार्ग न्यूज

**सोहना।** हरियाणा में गुरुग्राम के सोहना में गांव रिठौज की चावड़ी ढाणी के पास एक खाली प्लॉट में स्थित झोपड़ी से 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव रिठौज निवासी हर्ष के रूप में हुई है। मृतक के पिता अनिल ने बताया कि, हर्ष रात करीब 10 बजे झोपड़ी में सोने गया था। सुबह जब वे उसे देखने गए तो हर्ष अपनी चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा मिला था। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही भोंडसी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुरुग्राम भेज दिया। थाना प्रभारी चंद्रभान ने बताया कि परिवार के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर विचार गोष्ठी





जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मीनाक्षी सेतिया अरोडवंश गर्ल्स पी.जी कॉलेज, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र को तिलक लगा माल्यार्पण कर किया गया।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ .मीनल कोचर ने वॉलिंटियर्स को बताया युवा वायु के समान हैं, जो भारत के विकासशील रुख को विकसित भारत में बदलने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसके लिए सभी को स्वामी विवेकानंद के शब्दों- उठो, जागो और तब तक न रूको जब तक आप अपनी मंजिल को नहीं प्राप्त कर लें, का अनुसरण करना होगा। महाविद्यालय मुख्य सलाहकार विजय सेतिया ने वॉलिंटियर्स को कर्त्तव्यनिष्ठा से देश के लिए समर्पित होकर बढ़ने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी प्रो. दीपक प्रजापत तथा कार्यक्रम प्रभारी प्रो. ममता सचदेवा के निर्देशन में आयोजित इस विचार गोष्ठी में वॉलिंटियर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वालंटियर रुद्राक्षी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन वृत्तांत के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ मीनल कोचर ने वॉलिंटियर्स को सच्चाई तथा ईमानदारी से देश के लिए समर्पित होने की शपथ दिलाई गई। जय हिंद जय भारत से देश को सलाम किया।इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्य प्रो. सपना जुनेजा,प्रो. बलवीर सिंह,प्रो.संदीप कौर तथा समस्त वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

# दूसरी बार मण्डल अध्यक्ष बनने पर सुशील अरोड़ा का अभिनंदन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भाजपा नगर मंडल पश्चिम क्षेत्र, श्रीगंगानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड नं. 26 सेतिया फार्म में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सक्रिय कार्यकर्ता तनु मोंगा के आवास पर हुए इस कार्यक्रम में भाजपा नगर मण्डल पश्चिम क्षेत्र के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर मण्डल अध्यक्ष सुशील अरोड़ा का विधायक जयदीप बिहाणी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं व वार्डवासियों द्वारा जोरदार अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयदीप बिहाणी ने मण्डल अध्यक्ष सुशील अरोड़ा के गत सफल कार्यकाल की मुक्तकंठ से सराहना की तथा कहा कि ऊर्जावान व प्रखर वक्ता सुशील अरोड़ा के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत हुआ है तथा आमजन का पार्टी से जुड़ाव बढ़ा है। सभी ने संगठन हित में किए जा रहे उनके कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की तथा कहा कि कार्यकर्ताओं को एकसूत्र में बांधने तथा आमजन को पार्टी से जोडने् के कारण आज नगर मंडल पश्चिम क्षेत्र में भाजपा का जनाधार बढ़ा है तथा पार्टी और अधिक मजबूती हुई है। वहीं उनके कार्यकाल में केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सक्रियतापूर्वक प्रचार-प्रसार से अंतिम छोर तक बैठा व्यक्ति भी लाभान्वित हुआ है।



# 12वीं के छात्र ने किया सुसाइड

जनमार्ग न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 12वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। सुसाइड करने से पहले वो स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में गया था, जहां परिजनों से बात हुई थी। तब छात्र ने छुट्टी पर घर जाने के बजाए पढ़ाई करने की बात कही थी। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ निवासी वैभव साहू (18) संदीपनी पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। वो यहां टिकरापारा में किराए पर रूम लेकर रहता था।

# 'कन्या बचाओ' की मुहीम से जोड़ रहा है 'संतुलन' प्रकल्प

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लोहड़ी, एक ऐसा त्योहार जो परंपरागत रूप से मात्र पुत्र के जन्म पर ही मनाया जाता था, आज कन्याओं को समर्पित किया जा रहा है। और समाज के इस परिवर्तन का श्रेय जाता है दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के लिंग समानता व नारी सशक्तिकरण प्रकल्प - संतुलन को। संतुलन द्वारा प्रत्येक वर्ष देश भर में उत्तरायण के अवसर पर कन्या बचाओ अभियान चलाया जाता है, जिसके माध्यम से न केवल लिंग रूढ़िवादिता का खंडन किया जाता, बल्कि कन्याओं के लिए सद्भाव और सम्मान को भी जागृत किया जाता है। यह अभियान लोहड़ी से प्रारम्भ होकर वसंत पंचमी पर विराम लेता है। शंकर कॉलोनी 3,श्री गंगा नगर स्थित संस्थान के आश्रम में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण कुछ इस प्रकार रहे - कन्याओं की प्रतिभाओं को उजागर करता टैलेंट शो, लिंग आधारित भेदभाव को खत्म करने हेतु प्रेरणादायी प्रश्नोत्तरी सत्र, ज्ञानवर्धक नाट्य मंचन, मेरी बेटी, मेरा स्वाभिमान नामक हृदयस्पर्शी गतिविधि, बेटियों के सपनों को उड़ान देने वाला विशेष पतंगोत्सव, इत्यादि। लोहड़ी पर्व की बॉनफायर प्रथा को कार्यक्रम के अंत में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने कागज़ पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों को कलमबद्ध करते हुए पावन अग्नि में जलाया और उन सभी बुराइयों को समाज से खत्म करने का संकल्प लिया। श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या - साध्वी पूनम भारती जी ने बताया कि कन्या बचाओ अभियान के माध्यम से संतुलन प्रकल्प, पारंपरिक त्योहारों से जुड़े मिथकों को दूर कर रहा है और उत्सवों के वास्तविक अर्थ को उजागर कर रहा है। साध्वी जी ने सारी संगत को इस महान अभियान का हिस्सा बनने और एक सशक्त समाज की रचना में योगदान देने हेतु आह्वान भी किया। साध्वी सोनिया भारती और साध्वी रवनीत भारती जी ने सुमधुर भजनों का गायन किया। इस अवसर पर स्वामी धीरानंद और श्री राजकुमार जोग (राष्ट्रीय संयोजक हिन्दू शक्ति) विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सारी संगत के लिए जलपान की उचित व्यवस्था की गई।



# जरूरतमंदों को ठंड से राहत: आईएमए ने किया कंबल वितरण

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में मजदूर परिवारों को बांटे गए गर्म कंबल

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** बढ़ती ठंड को देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में जरूरतमंदों को गर्म कंबल वितरित कर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कंबल वितरण विशेष रूप से उन मजदूरों के लिए किया गया, जो मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं और अस्थाई निवास में अपने परिवार सहित ठंड से जूझ रहे हैं। कार्यक्रम में संरक्षक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पारस जैन, पूर्व अध्यक्ष डॉ एसएस गेट, पुर्व सचिव डॉ राजीव मुंजाल शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि आईएमए केवल चिकित्सा सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक कल्याण में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में कंबल वितरण का उद्देश्य मजदूरों और उनके परिवारों को ठंड से बचाव में मदद करना है। डॉ. राठौड़ ने सभी मेडिकल स्टाफ और छात्रों को समाजसेवा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। आईएमए के सचिव डॉ. आदित्य चावला ने कहा कि इस कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों को विशेष रूप से शामिल किया गया है ताकि उनमें सेवा और संवेदनशीलता की भावना विकसित हो। उन्होंने बताया कि भविष्य में आईएमए के हर सामाजिक कार्य में मेडिकल छात्रों को भागीदारी का मौका दिया जाएगा। यह पहल देश की भावी चिकित्सा टीम को न केवल कुशल चिकित्सक बल्कि संवेदनशील समाजसेवी भी बनाने में मददगार साबित होगी।मेडिकल कॉले ज की प्राचार्य डॉ. कीर्ति शेखावत ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों और आईएमए के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कंबल वितरण का यह कदम एक प्रेरणादायक पहल है, जो जरूरतमंदों के जीवन में राहत पहुंचाने के साथ-साथ मेडिकल छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का भी अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में लगे अनेको मजदूर परिवारों को कंबल वितरित किए गए।

## सिग्नल पर खड़ी बाइक को ट्रक ने रौंदा:पी का सिर पहिए के नीचे आने से मौत, पति गंभीर, भिलाई से घर लौटते समय हादसा

**भिलाई ( जनमार्ग न्यूज )।** भिलाई के खुर्सीपार थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने सिग्नल पर बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। जिससे पति दूर जा गिरा, लेकिन पत्नी के सिर से ट्रक का पहिया गुजर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पति की हालत गंभीर है, जिसे इलाज के लिए दुर्ग रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, रविवार रात करीब 11.30 खुर्सीपार थाना से कुछ ही दूरी पर यह हादसा हुआ है। घायल पति नीलेश अग्रवाल ने बताया कि, वो इंडस्ट्रियल एरिया में नौकरी करता है। मरोदा सेक्टर के इंदिरा चौक पर उसका घर है। उसकी पत्नी खिलेश्वरी उर्फ छोटी भिलाई-3 अपने मायके गई थी। ड्यूटी खत्म होने के बाद नीलेश उसे लेने गया। वापस आते समय खुर्सीपार गेट के पास लगे सिग्नल में रुका। तभी पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे नीलेश बाइक से दूर जा गिरा। वहीं उसकी पत्नी ट्रक के पहिए के सामने आ गई। हादसे के बाद ड्राइवर भाग गया। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि नीलेश को काफी चोटें आई हैं। उसका पैर फैक्चर हो गया। उसे गंभीर हालत में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने शुरुआती इलाज के बाद दुर्ग रेफर कर दिया गया। वहीं, खिलेश्वरी के शव का आज पोस्टमॉर्टम होगा।

# सूरतगढ़ सीएचसी में रक्तदान शिविर का लगाया



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** आज सूरतगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ट्रॉमा सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत व मैत्री ब्लड बैंक के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस शिविर का आयोजन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और सीएचसी टीम के संयुक्त प्रयास से किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10~30 बजे हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि संदीप काशनिया ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷रक्तदान एक महान सेवा है, जिससे न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह समाज में मानवता का प्रतीक भी है। शिविर में कुल 66 लोगों ने 3 बजे तक रक्तदान किया। विशेष रूप से युवाओं में रक्तदान को लेकर उत्साह देखा गया। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों और तकनीकी कर्मचारियों ने रक्तदान प्रक्रिया को सुरक्षित और सुचारु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीसीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ नीरज सुखीजा, डॉ भरत भूषण, डॉक्टर मांगीलाल लेघा व राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत यूनियन के अध्यक्ष अशोक कड़वासरा, सचिव भीमसेन गोदारा, राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के ब्लॉक अध्यक्ष शीशपाल बिजारणिया, ब्लॉक उपाध्यक्ष पूरन भाटिया, सचिव राकेश बिश्नोई, टोपन राम डागला, नर्सिंग अधीक्षक और ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज सुरेंद्र पारीक, रीना जॉर्ज, मुन्नी चौधरी, नर्सिंग ऑफिसर भेरू सिंह जोधा, अनिल, भगवाना राम निराणीया व समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ तथा ऋ के जिला अध्यक्ष मोहनलाल जाट, हितेश, राजपाल आदि उपस्थित रहे तथा ब्लॉक अध्यक्ष शीशपाल बिजारणिया ने कहा, ÷हम इस पहल को सफल बनाने के लिए सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का धन्यवाद करते हैं। भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों का आयोजन करते रहेंगे।÷ शिविर के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और पौष्टिक आहार वितरित किया गया। इस आयोजन ने न केवल रक्तदान की महत्ता को जागरूक किया, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी दिया।

## भीम आर्मी की बैठक में जिले में प्रस्तावित कार्यक्रमों पर हुई चर्चा



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन, श्रीगंगानगर की मीटिंग जिलाध्यक्ष सोहनलाल जनागल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जी ब्लॉक स्थित जिला कार्यालय पर हुई इस बैठक में जिला, तहसील व नगर पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विनयरतन सिंह के आगामी फरवरी माह में श्रीगंगानगर में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा तय की गई तथा कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत करने हेतु निष्क्रिय पदाधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। जिला व तहसील पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विनयरतन सिंह के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए उत्साहपूर्वक बढ़-चढकर अग्रणी भूमिका निभाने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सोहनलाल जनागल, जिला उपाध्यक्ष श्योपत राम, जिला महासचिव सुरेन्द्र कुमार सोनी, जिला महासचिव रवि मेघवाल, श्रीगंगानगर तहसील अध्यक्ष रामप्रताप साहू, पदमपुर तहसील अध्यक्ष वेदप्रकाश बोद्ध, रायसिंहनगर तहसील अध्यक्ष सुनील नायक, गजसिंहपुर तहसील अध्यक्ष निर्मल सिंह सहोता, श्रीकरणपुर तहसील अध्यक्ष मुरली परिहार, सूरतगढ़ तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार नायक, विजयनगर तहसील अध्यक्ष मोहनलाल राठी, नगर अध्यक्ष रामकुमार मेघवाल, अनूपगढ़ जिलाध्यक्ष राजकुमार बोद्ध, सत्यम गंगानगर, हेमन्त कुमार, प्रमोद मेघवाल, गुरदीप सिंह सादुलशहर, लक्ष्मण मेघवाल, सुनील सोनी, मुकेश आसेरी, जीतू मेघवाल, सुनील नायक रायसिंहनगर सहित भीम आर्मी भारत एकता मिशन श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# रोजगार मेले में 254 युवक-युवतियों ने दिया इंटरव्यू,10 संस्थाओं ने की भागीदारी

## श्रीस्वामी समाज सभा भवन में युवा दिवस पर हुआ आयोजन

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर मिनी मायापुरी स्थित श्रीस्वामी समाज सभा भवन में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें जिलेभर से 254 युवक और युवतियों ने साक्षात्कार दिए। कार्यक्रम में भारतीय जीवन बीमा निगम, एसडी बिहाणी शिक्षण ट्रस्ट, सुरेंद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट उसमानखेड़ा, एसएन सुपर स्पेशलिटी होस्पिटल ग्रुप, बीआर फाउंडेशन ट्रस्ट, जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट श्रीगंगानगर, जनसेवा होस्पिटल, स्वामी चेरीटेबल ट्रस्ट व जुबिन स्पास्टिक होम एंड चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से साक्षात्कार आयोजित किए गए। चयनित होने वाले युवक और युवतियों को संबंधित संस्थान द्वारा फोन और ईमेल द्वारा सूचित कर नियुक्ति के लिए बुलाया जाएगा। यह आयोजन सुबह 10 से दोपहर दो बजे हुआ। मौसम खराब होने के बावजूद जिलेभर से सभी समाज के युवक और युवतियां उत्साह के साथ कार्यक्रम का हिस्सा बने। समाज अध्यक्ष संतराम स्वामी, मंत्री भूपेंद्र कुमार स्वामी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी, उपाध्यक्ष भंवरलाल स्वामी, प्रचार मंत्री दिलीप स्वामी व संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम दरबार में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया।



आगंतुकों को कॉफी और गर्म पकौड़े नाश्ते में दिए : कार्यक्रम में शामिल हुए सभी आगंतुकों के लिए दिनभर कॉफी और गर्मागर्म पकोड़ों का नाश्ता करवाया गया। इसमें हलवाई अंजनीकुमार ने टीम सहित सेवाएं दी। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर अरविंद स्वामी, सुनील स्वामी कार्गो, संजय स्वामी एनजीओ ने सेवाएं दीं। संस्था के संरक्षक नेकीराम स्वामी, काशीराम स्वामी, सुभाष स्वामी दूध संघ प्रधान, मदनलाल, भंवरलाल जेसीबी ने संस्था सदस्यों की टीम को बुक्के देकर अभिनंदन किया। एडवोकेट रामगोपाल स्वामी, अमित स्वामी, ओमप्रकाश और राजेश ने काउंटर पर सेवाएं दीं।

21 जनवरी को प्रतिभा सम्मान समारोह होगा : मंत्री भूपेंद्र कुमार स्वामी ने बताया कि 21 जनवरी को समाज की ओर से समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य जी के जन्मोत्सव पर यह आयोजन संस्था भवन में होगा। इसमें बोर्ड परीक्षाओं में 65 प्रतिशत से अधिक अंक वाले छात्र छात्राएं, जिला, राज्य और नेशनल खेल प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी, साल 2024-25 में सरकारी सेवाओं में चयनित समाज प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए 15 जनवरी शाम 5 बजे तक आवेदन किए जाने का समय है।

## श्रीराम कथा का हवन-यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ समापन



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** विनोबा बस्ती स्थित श्री दुर्गा मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा के समापन पर रविवार सुबह हवन-यज्ञ तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कथा व्यास पं. मनोज दुबे (अयोध्या वाले) के सानिध्य में हुई 9 दिवसीय श्रीराम कथा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला तथा श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। विनोबा बस्ती स्थित श्री दुर्गा मंदिर में हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम रविवार प्रातः 10.15 बजे श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ में आहुति डाली। तत्पश्चात् छोले-पूरी-हलवा का विशाल भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने श्रद्धापूर्वक भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी, श्री दुर्गा मंदिर सेवादार मण्डल, बजरंग दल, श्री राधे भजन मंडल, श्री दुर्गा संकीर्तन महिला मण्डल, सामाजिक एकता मंच आदि सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** टाउन में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सेठ राधाकिशन बिहाणी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर काना राम थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी हंसराज जाजेवाल ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता शर्मा ने की। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 75 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व और नियमों का पालन करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े बचाव के उपायों को अपने चित्रों में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर काना राम ने सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता, बड़े भाई-बहन और परिवार के अन्य सदस्यों को भी इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। जिला शिक्षा अधिकारी हंसराज जाजेवाल ने अपने संबोधन में बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करना चाहिए और शराब पीकर गाड़ी चलाने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टर के निर्देशन में एक महीने तक जिले के प्रत्येक विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और उनके परिवारों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग बनाना है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता शर्मा ने जिला कलेक्टर काना राम और जिला शिक्षा अधिकारी हंसराज जाजेवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया और धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम ममता सपुत्री नवीन कुमार,द्वितीय अलका रानी सपुत्री राम कुमार और तृतीय स्थान सुषमा सपुत्री राज पंडित ने प्राप्त किया । विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक सुरेंद्र बैनीवाल पुष्पा शर्मा, उग्रसेन, मनोज कुमार, ममता व अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।



# भक्ति भाव से परिपूर्ण भक्ति पर्व समागम



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** 'भक्ति वह अवस्था है, जो जीवन को दिव्यता और आनंद से भर देती है। यह न इच्छाओं का सौदा है, न स्वार्थ का माध्यम। सच्ची भक्ति का अर्थ है परमात्मा से गहरा जुड़ाव और निस्स्वार्थ प्रेम।' यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने हरियाणा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित 'भक्ति पर्व समागम' के अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस शुभ अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति की अनुपम छटा देखने को मिली। दिल्ली, एन.सी.आर. सहित देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु भक्त इस दिव्य संत समागम में सम्मिलित हुए और सभी ने सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद की दिव्य अनुभूति प्राप्त की। इस पावन अवसर पर परम संत संतोख सिंह जी के अतिरिक्त अन्य संतों के तप, त्याग और ब्रह्मज्ञान के प्रचार-प्रसार में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया और उनके जीवन से प्रेरणा ली गई। समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों और गीतकारों ने विभिन्न विद्याओं के माध्यम से गुरु महिमा और भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया। संतों की प्रेरणादायक शिक्षाओं ने श्रद्धालुओं के जीवन को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समृद्ध किया। सतगुरु माताजी ने भक्ति की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान भक्ति का आधार है। यह जीवन को उत्सव बना देता है। भक्ति का वास्तविक स्वरूप दिखावे से परे और स्वार्थ व लालच से मुक्त होना चाहिए। जैसे दूध में नींबू डालने से वह फट जाता है, वैसे ही भक्ति में लालच और स्वार्थ हो तो वह अपनी पवित्रता खो देती है।

# हनुमानगढ़ में रामभक्तों ने भव्य भंडारे का आयोजन

## अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर उत्सव



**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समस्त रामायण व सुंदरकांड मंडल के तत्वावधान में हनुमानगढ़ में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत नगरपरिषद के निर्वतमान सभापति सुमित रणवां, प्राइवेट स्कूल कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय, और पूर्व उपसभापति नगीना बाई द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना व कंजक पूजन से हुई। मंडल सदस्यों ने बताया कि भगवान राम के अयोध्या में विराजमान होने से देशभर में भक्तों के बीच हर्ष और उल्लास का माहौल है। इसी खुशी को प्रकट करने के लिए इस विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन दूसरी बार किया जा रहा है, जो स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा स्थल पर उमड़ पड़ी। पूजा-अर्चना के उपरांत भगवान राम के चरणों में प्रसाद अर्पित कर भक्तों ने अपने जीवन में सुख-शांति की कामना की। भंडारे में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है। शाम को भव्य आतिशबाजी और सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी होगा। सुंदरकांड पाठ के दौरान भक्तजन भगवान हनुमान और राम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करेंगे। मंडल के अध्यक्ष ने बताया कि सुंदरकांड पाठ और आतिशबाजी से पूरे आयोजन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा और लोगों को भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा मिलेगी।यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों को एक साथ जोड़ता है। भक्तों ने इस अवसर पर मंडल के कार्यों की सराहना की और भविष्य में ऐसे और भी आयोजनों की कामना की।हनुमानगढ़ के इस उत्सव ने भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के महत्व को और भी बढ़ा दिया है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर राजकीय महाविद्यालय में अनेक गतिविधियों का आयोजन

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों व प्रेरणादायक विचारों को जीवन में अपनाने के लिए किया प्रेरित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्वामी विवेकानंद जयंती



राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर राजकीय महाविद्यालय हिन्दुमलकोट में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों से अवगत करवाने तथा उनके जीवन के आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुई। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य ने अपने उद्घाटन भाषण में युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ रहने और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। सहायक आचार्य ममता गाबा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के विभिन्न पहलुओं, शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण, युवाओं के लिए संदेश एवं भारत के सांस्कृतिक विकास में उनके योगदान आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला। युवाओं को खेलों से जुड़ने तथा नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए साहित्यिक गतिविधियों से पहले खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें भूगोल सहायक आचार्य डॉ. हनुमान प्रसाद ने छात्र-छात्राओं की विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया। इस मौके पर अनेक दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ म्यूजिकल चेयर मनोरंजक गेम्स भी हुई। बीए तृतीय वर्ष के छात्र गुरप्रीत एवं शालू ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत द्वारा अदभुत समां बांधा। छात्र-छात्राओं को नियमित योग, व्यायाम करने तथा स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय हिन्दुमलकोट स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महाकुंभ जाने के लिए शटल बसों में आज फ्री सफर

**प्रयागराज।** महाकुंभ के लिए परिवहन निगम ने कमर कस ली है। विभाग प्रयागराज के लिए 7000 बसें चला रहा है, जबकि प्रयागराज में 350 शटल बसें चल रही हैं। मुख्य स्नान पर परिवहन निगम ने शटल बसों को मुफ्त रखने का फैसला किया है। ऐसे में आज शटल बसों में सफर कर रहे हैं तो आपको किराया नहीं देना होगा। प्रयागराज शहर और आसपास के पार्किंग स्थलों से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में लाने और ले जाने के लिए ये शटल बसें चलाई जा रही हैं। अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने बताया कि पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि से एक दिन पहले और एक दिन बाद तक शटल बसों में यात्रियों को किराया नहीं देना होगा। महाकुंभ में आज 13 जनवरी और कल 14 जनवरी को मुख्य स्नान है। ऐसे में शटल बसों में 12 से 15 जनवरी तक लोग बिना किराया दिए सफर कर सकेंगे। यह फैसला स्नान पर्व के दौरान शहर की सड़कों पर वाहनों की संख्या कम करने के लिए लिया गया है।

# लोहड़ी स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



**सूरतगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** भारत विकास परिषद शाखा सूरतगढ़ द्वारा लोहड़ी स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन चोपड़ा धर्मशाला मे किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत विकास परिषद् के संरक्षक डॉ के एल बंसल, कुटुंब प्रबंधन प्रभारी घनश्याम शर्मा, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, डॉ जितेंद्र राठौड़ एडवोकेट पीसी चुग द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद वन्दे मातरम व लोहड़ी प्रज्वलन का आयोजन किया गया। संगीत में परिषद् के बृजमोहन प्रजापत, ललिता प्रजापत डॉ हर्ष भारती, डॉ सर्वेश शर्मा, वैभवी आहूजा, अर्जुन मदान, मनस्वी गुप्ता वंशिका गुप्ता, युवराज गुप्ता, विधी खेमका व एडवोकेट पी सी चुग अन्य ने अपने प्रस्तुति दे मंत्रमुग्ध किया। खेल प्रतियोगिता में प्रभारी पवन मुंजाल, संजीव मदान, कोषाध्यक्ष नवीन खेमका व सौरभ आहूजा ने करवाई जिस में महिला, म्यूजिकल चेयर दौड़ में ललिता प्रजापत प्रथम रही। वहीं पुरुष में अमरेंद्र कलसी विजेता रहे दंपति माला पहनाने के प्रतियोगिता में संजय पारीक दंपति प्रथम रही। बच्चो की रोचक प्रश्नोत्रों प्रतियोगिता हुई। मंच संचालन शाखा सचिव राजेंद्र सारस्वत द्वारा किया गया। दो नए सदस्य नन्द किशोर गोयल, पायल गोयल व डॉ हर्ष भारती डॉ के एल बंसल व अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा जी शपथ ग्रहण करवाई। कुटुंब प्रबोधन विषय पर प्रभारी श्री घनश्याम शर्मा ने अपना व्याख्यान दिया। सुरेश कोठारी, सुनील सिंगल, संजय पारीक, पवन खुरान नवीन गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिव्यांग सहायता उपकरण प्रकल्प के तहत नरेश जग्गा परिवार द्वारा एक सक्शन मशीन व एयर मेटर्स दिया गया।

# विवेकानंद जयंती पर गौशाला में सवामणि व विचार गोष्ठी




**संगरिया।** भारत विकास परिषद शाखा संगरिया द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्थानीय धनवंतरी गौशाला में गौमाता की सेवा कर सवामणि की गई। इस मौके पर सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रवज्जलन व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। परिषद के उपाध्यक्ष डॉ संजीव जिंदल ने सवामणि हेतु आर्थिक सहयोग किया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों व आदर्शों को जनजन तक पहुंचाने विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। विचार गोष्ठी में सुनील सारस्वत ने मुख्य वक्ता के रूप में विचार रखे। उन्होंने स्वामी जी के आत्मविश्वास, सेवा, ज्ञान, एकता आदि सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संजय जिंदल, संरक्षक रामलाल बिस्सु, अध्यक्ष आनंद बागडिया, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र अरोड़ा, उपाध्यक्ष डॉ संजीव जिंदल, पूर्व अध्यक्ष कैलाश वर्मा व कपिल बंसल, निशु कामरा, प्रदीप सिंगला, कुलविंदर सिंह, रोहित गोयल आदि ने भी विचार रखे।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का लोहड़ी महोत्सव का भव्य आयोजन

राजकीय

**हनुमानगढ़।** राजकीय मेडिकल महाविद्यालय में कॉलेज प्रशासन व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा संयुक्त रूप से लोहड़ी महोत्सव बड़े उत्साह और पारंपरिक अंदाज में धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में कॉलेज के चिकित्सकों, विद्यार्थियों और अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कानाराम थे, जिन्होंने अपने प्रखर विचारों से आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।



महोत्सव की शुरुआत पारंपरिक लोहड़ी की पूजा और अग्नि प्रज्वलन से हुई। जिला कलेक्टर कानाराम, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कीर्ति शेखावत, आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रताप सिंह शेखावत, सचिव डॉ. आदित्य चावला, संरक्षक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पारस जैन, डॉ एसएस गेट, डॉ रवि त्रेहन, डॉ. राजीव मुंजाल और अन्य चिकित्सकों ने लोहड़ी की पूजा अर्चना करते हुए प्रज्वलित अग्नि के समक्ष खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। इस पावन अवसर ने सभी को एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

महोत्सव की रौनक बढ़ाने में मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पंजाबी गीतों पर रंगारंग नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें कॉलेज परिसर गूंज उठा। विद्यार्थियों के उत्साह और जोश ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि पंजाब की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं की जीवंत झलक भी पेश की।

मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कानाराम ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, लोहड़ी खुशियों, समृद्धि और एकता का प्रतीक है। इस तरह के त्यौहार हमारी परंपराओं और संस्कृतियों को जीवित रखते हैं। इसे मिलजुल कर मनाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस आयोजन के लिए आईएमए और मेडिकल कॉलेज की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं और भावी चिकित्सकों में

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर भक्ति संगीत कार्यक्रम आयोजित

### राष्ट्रीय युवा दिवस, लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व मनाया



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में राम मंदिर में रामलला की पहली वर्षगांठ पर भक्ति संगीत से ओत-प्रोत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री आत्म वल्लभ जैन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैन शिक्षा न्यास अध्यक्ष अमरचंद बोरड़ तथा वरिष्ठ सदस्य शेर सिंह थे। विद्यालय कॉर्डिनेटर मुकेश सेठी ने बताया कि सर्वप्रथम गुरु प्रतिमा तथा प्रथम पूज्य गणेश जी एवं सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात् अतिथियों तथा विद्यालय स्टाफ द्वारा भगवान श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर आरती की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती ममता अरोड़ा जैन ने अतिथियों, अभिभावकों तथा बच्चों का तिलक द्वारा स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत शिक्षक कपिल सर ने अपने बच्चों की टीम के साथ राम भजनों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। राम नाम की धुन पर सारा वातावरण राममय हो गया। इस मौके पर भजन गायन प्रतियोगिता भी हुई।

# लोहड़ी पर गीत-संगीत के तरानों के साथ हिमालय परिवार की बैठक

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय संस्था हिमालय परिवार की मासिक बैठक रविवार को प्रदेशाध्यक्ष शिव स्वामी की अध्यक्षता में सुदामा नगर में आयोजित की गई। जिला महामंत्री मदन अरोड़ा ने विवेकानंद जयंती, मकर संक्रांति एवं लोहिड़ी पर्व के महत्व की जानकारी दी तथा सबको शुभकामनाएं दी। सामूहिक रूप से महाकुंभ पर्व पर प्रयागराज चलने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके लिए हिमालय परिवार के संरक्षक महामंडलेश्वर यतेन्द्रानंद गिरी महाराज (रूड़?ी) की सेवाएं भी ली जा सकती हैं। नरेश मोंगा ने श्रीगंगानगर की संस्था के बारे में भी बताया, जिनके द्वारा स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ में भोजन व आवास की व्यवस्था की गई है, उनके सेवा भाव को भी सराहा गया। बनवारीलाल शर्मा, इंजीनियर बलजीत सिंह राणा व संतोष गुप्ता ने भी अपने-अपने सुझाव व महत्वपूर्ण विचारों से अवगत करवाया।




प्रदेशाध्यक्ष शिव स्वामी ने बताया कि इस वर्ष 2025 में लेह-लद्दाख भ्रमण के तहत सिंधु दर्शन यात्रा करने पर राजस्थान सरकार द्वारा 15 हजार रुपये का सहयोग प्रदान करने की घोषणा की गई है, जिसका पूरा विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने संस्था गतिविधियों से अवगत कराते हुए बताया कि हिमालय परिवार द्वारा पर्यावरण, समाजसेवा के साथ-साथ हर वर्ष 15 दिन की कश्मीर, जम्मू, लेह, कारगिल, गुरुद्वारा पत्थर साहिब, मनाली, चंडीगढ़ यात्रा का जून माह में आयोजन किया जाता है, जिसमें कुछ सहयोग राशि लेकर संस्था द्वारा भोजन व आवास व्यवस्था के साथ-साथ इन स्थलों के भ्रमण का पूरा प्रबंध किया जाता है तथा 29 वर्षों से यह यात्रा अनवरत जारी है। श्री स्वामी ने यह भी बताया कि आगामी माह राष्ट्रपति को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भेजकर संसद के संकल्प अनुसार पाक अधिकृत कश्मीर को वापिस भारत में मिलाने की मांग की जाएगी।

इस मौके पर राजेश नागपाल ने 'कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन...' तथा शतरंज खिलाड़ी पुरुषोत्तम लाल शर्मा ने आनंद फिल्म का गीत 'कहीं दूर जब दिन ढल जाए...' गाकर अदभुत समां बांधा। मूंगफली-गजक व जलपान के साथ लोहड़ी पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर चन्द्रशेखर गौड़, अनिल सिडाना, पृथ्वीराज मेहरड़ा, नवीन मदान, प्रमोद हिन्दुत्व, भूपेंद्र कटारिया, भागेन्द्र सिंह, सुरजाराम सिहाग, श्रीस्वामी नाथ सहित हिमालय परिवार के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## सतगुरु साहिब बच्चा बाबू यादव के निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**हनुमानगढ़।** टाउन के वार्ड 45,मिथिला कलोनी में स्थित कबीर कुटिया में शनिवार को सतगुरु साहिब बच्चा बाबू यादव के निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके शिष्यों ने भजन, कीर्तन और सत्संग का आयोजन कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में शिष्य और अनुयायी उपस्थित हुए। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने गुरुजी के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम व्यक्त करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। श्यामदास ने बताया कि सतगुरु बच्चा बाबू यादव बिहार के समस्तीपुर जिले के चकवा गांव के निवासी थे। उन्होंने अपनी तपस्या और सेवाभाव के कारण समाज में विशेष पहचान बनाई थी। वे लंबे समय से हनुमानगढ़ टाउन की मिथिला कॉलोनी में स्थित अपने आश्रम में निवास कर रहे थे। आश्रम में रहकर वे नियमित रूप से भजन-सत्संग करते थे और असहायों की सेवा करते थे।

# गर्म दूध लंगर सेवा जारी



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गुरुद्वारा भाई लालो जी दुःख निवारन साहिब द्वारा गर्म दूध मट्ठी बिस्कुट, के लंगर की सेवा जारी रही। मुख्य सेवादार बलकरण सिंह सरपाल ने बताया कि साका सरहंद अनोखे शहीद बाबा मोती राम मैहरा की शहादत, की याद में सुबह चार बजे से हजूरी रागी भाई हरफूल, के नेतृत्व में सुबह 5.30 बजे से सरकारी अस्पताल, झुगी झोंपड़ियों व सड़क किनारे फुटपाथ पर बैठे बे सहारा लोगों मे मुख्य सेवादार बलकरण सिंह सरपाल, रानी बहन, कुलदीप कौर, लखविंदर कौर गिल्ल, सुखविंदर कौर, बच्ची गुरनूर कौर गिल्ल, जसलीन कौर गिल्ल, जी एन एम किरन, डॉ रजिंद्र सिंह भमरा, जसकरन सिंह नागी, गुलाब सिंह, चानी, हरप्रीत सिंह उर्फ राजा भुल्लर आदि सेवादारों ने सेवा करके गुरु घर की खुशियां प्राप्त की। दूध की सेवा मंगलवार एडवोकेट जसवीर सिंह मिसन, बुधवार गुरमेल सिंह, और वीरवार को सन्नी धौंसी, शुक्रवार एवं आगामी रविवार व सोमवार को भी मनिंदर सिंह मान परिवार, की और से दूध सेवा का सहयोग मनिंदर सिंह मान परिवार रहा।

## साहिबगंज में ग्राम प्रधान को मारी गोली, घायल

**साहिबगंज।** जख्मी ग्राम प्रधान होली कोड़ा ने बताया कि वो मॉर्निंग वॉक से घर लौटते वक्त उन्हें गोली मारी गई। साहिबगंज के मिर्जा चौकी महादेव वरन के ग्राम प्रधान को सोमवार को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने तत्काल उन्हें सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया, जहां से उन्हें भागलपुर रेफर कर दिया गया है । मामला जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ है।

## पुलिस अधीक्षक अरशद अली का स्वागत

**हनुमानगढ़।** सिटी सेंटर मार्केट की ओर से हनुमानगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक अरशद अली का डीआईजी (उप महानिरीक्षक) पद पर पदोन्नति होने पर भव्य अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सिटी सेंटर मार्केट परिवार ने श्री अरशद अली जी की उपलब्धियों और उनके उत्कृष्ट कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया।अभिनंदन कार्यक्रम में सिटी सेंटर मार्केट के ओम सोनी, आशुतोष हिसारिया, अरविंद सोनी, निशु जैन, और वली मोहम्मद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने श्री अरशद अली जी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और समाज के प्रति उनकी सेवा भावना की सराहना की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने उनके नेतृत्व में हनुमानगढ़ जिले में नशे के खिलाफ चलाए गए अभियानों और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की। सिटी सेंटर मार्केट परिवार ने श्री अरशद अली जी के सम्मान में कहा कि उनकी नई भूमिका समाज और पुलिस विभाग दोनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# रक्तदान शिविर आयोजित, 72 यूनिट रक्त संग्रहित

**हनुमानगढ़।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद कॉलेज में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मानवीय सेवा और स्वामी विवेकानंद के विचारों को समर्पित था, जिसमें छात्रों और आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय, विधायक प्रतिनिधि अरविंद पुनिया और राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय संस्थापक प्रमोद गोदारा व मनोज शर्मा ने की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि तरुण विजय ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह सामाजिक कर्तव्य निभाने का एक सशक्त माध्यम भी है। विधायक प्रतिनिधि अरविंद पुनिया ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी का जीवन सेवा और परोपकार का प्रतीक था, और ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उनकी शिक्षाओं को आगे बढ़ा सकते हैं।शिविर के दौरान 72 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया, जिसे स्थानीय अस्पतालों और ब्लड बैंकों को प्रदान किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान शिविर में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान उपस्थित मेडिकल टीम ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

# ग्रामीणों ने किया विधायक बिहाणी का अभिनंदन

● शहरी सीमा से चिपती ग्राम पंचायतें नगर परिषद क्षेत्र में शामिल करने के फैसले का स्वागत

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर शहरी सीमा के साथ लगती ग्राम पंचायतों को नगर परिषद क्षेत्र में शामिल किए जाने के आदेश का सैंकड़ों लोगों ने स्वागत करते हुए विधायक जयदीप बिहाणी का आभार जताया। दो ई, तीन ई, चार ई, पांचई, सात ई छोटी और 4 जैड ग्राम पंचायत में 1 बी और 5 जैड से सैंकडों ग्रामीण सोमवार सुबह विधायक सेवा केंद्र पहुंचे और विधायक जयदीप बिहाणी को फूलों की मालाएं पहनाते हुए पगड़ी पहनाई। इन ग्रामीणों का कहना था कि उनकी ग्राम पंचायतों को नगर परिषद क्षेत्र में शामिल किए जाने से उन्हें सफाई, सड? और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं सुलभ हो जाएंगी। इन ग्रामीणों का यह भी कहना था कि उन्हें राज्य सरकार के इस फैसले से पट्टा संबंधी समस्याओं से भी निजात मिलेगी। इस संबंध में अब स्वायत्त शासन विभाग ने भी आदेश जारी कर दिए हैं। विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो बोलती है,वह करके दिखाती है। चुनाव के दौरान वादा किया गया था कि सत्ता में आने पर शहरी सीमाओं से चिपती ग्राम पंचायतों को नगर परिषद क्षेत्रों में शामिल किया जाएगा, आज यह वायदा पूरा कर दिया गया। बिहाणी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ा है। नगर परिषद सीमा में शामिल होने वाली ग्राम पंचायतों को अब शहरों की भांति सुविधाएं मिलेंगी। बिहाणी ने उक्त फैसले के लिए मुख्यमंत्री और स्वायत्त शासनमंत्री का भी आभार जताया। अटल मंडल के अध्यक्ष मनीष प्रजापत के नेतृत्व में विधायक जयदीप बिहाणी का आभार जताने वालों में राम प्रताप चंदोरा, जसराम गोयल, डॉ. राकेश अरोड़ा, भवानी शंकर बाबू खां रिजवी, निशांत पारीक मोनित साहू, महेंद्र स्वामी, गोविंदराम, शिवप्रकाश तेहरपुरिया, सोनू पटीर, गुरजंट सिंह, गुलशन बंसल,देवेंद्र चंदोरा आदि प्रमुख थे।

# नोजगे के विद्यार्थियों ने बिग ड्रीम्ज प्रतियोगिता में जीते पदक

● मेधावी विद्यार्थियों को मिले पदक व प्रशस्ति पत्र

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** बिग ड्रीम्ज़ प्रतियोगिता का आयोजन श्री आत्म वल्लभ जैन गर्ल्स कॉलेज में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताएँ में नोज़गे पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अलग-अलग रैंकिंग हासिल कर गौरवान्वित किया। स्कूल स्टाफ़ शायना मक्कड़ ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी को किया गया। इस प्रतियोगिता में ज़िलेभर के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में नोज़गे स्कूल के विद्यार्थी भी छाये रहे। शायना मक्कड़ ने बताया कि कक्षा 11 जी व 11 आर (कॉमर्स) के छात्रों ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और तीनों आयोजनों में रैंक प्राप्त की। उन्होंने बताया कि दक्ष (बिजनेस क्विज) में कक्षा 11 जी के गुनीत और आयुष बलाना ने पहली रैंक, आयुमी (11जी) ने दूसरी रैंक, कुणाल अग्रवाल (11 जी) और केशव नंदन (11 जी ) ने तीसरी रैंक हासिल की। कार्यक्रम-2 बुझो तो जाने में आयुष बलाना (11 जी) ने दूसरी रैंक, कार्यक्रम-3- द बिजनेस बाजीगर (विशिष्ट बिजनेस आइडिया के लिए टीम भागीदारी) में कक्षा 11 आर के कुणाल अग्रवाल, जय सिंह वाधवा व सार्थक छोड़ा ने पहली रैंक, कक्षा 11 जी के केशव नंदन, खुशाल, रुहान, अमन व धैर्य गोयल ने दूसरी रैंक हासिल की। इन सभी विजेता विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन व स्टाफ़ ने बधाई दी। इन मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों व गणमान्य लोगों ने प्रशस्ति पत्र व पदक भेंट किए।

## कैलिफोर्निया में आग से 24 की मौत

**जनमार्ग न्यूज**

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में लगी आग से 24 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में एक ऑस्ट्रेलियाई टीवी एक्टर रोरी साइक्स भी शामिल हैं। पिछले 7 दिनों से लगी आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा सका है। ईटन और पैलिसेड्स में 16 लोगों के लापता होने की खबर है। लॉस एंजिलिस में रविवार को हवा की रफ्तार में थोड़ी कमी आई। इसके चलते फायरफाइटर्स को आग पर काबू करने में मदद मिली।

# दो बाइकों की आपस में भिड़ंत, वृद्ध गंभीर घायल

**जनमार्ग न्यूज**



**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का जिले में फाजिल्का-मलोट हाईवे पर गांव पूर्णपटी के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बेटी को लोहड़ी देकर लौट रहे एक परिवार की बाइक को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी देते हुए सुरजीत कौर ने बताया कि वह अपने पति सुखदेव सिंह के साथ बेटी को लोहड़ी देने गांव डाबावाली गई थी। वापसी के दौरान गांव पूर्णपटी के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सुरजीत कौर का आरोप है कि दूसरी बाइक राइडर नशे की हालत में था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे में सुखदेव सिंह को सिर में गंभीर चोट आई और वे बेहोश हो गए। मौके पर पहुंची सड़क सुरक्षा फोर्स के कर्मचारी साहिल सचदेवा ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर गंभीर घायल सुखदेव सिंह को अस्पताल पहुंचाया। दूसरी बाइक के चालक आत्मा सिंह को भी अपनी गाड़ी द्वारा फाजिल्का के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि आत्मा सिंह का कहना है कि वह अपनी साइड में सही तरीके से चल रहा था, जब सुखदेव सिंह ने अचानक बाइक मोड़ दी, जिससे टक्कर हो गई। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। एक पक्ष की ओर से कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## नाइजीरिया में गलती से आम लोगों पर हवाई हमला

**जनमार्ग न्यूज**

**अबुजा।** अफ्रीकी देश नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य जम्फारा में रविवार को एक सैन्य हवाई हमले में 16 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक एक पायलट ने गलती से लोकल लोगों की डिफेंस फोर्स को क्रिमिनल गैंग समझ लिया था। नाइजीरिया की सेना इस इलाके में लंबे समय से क्रिमिनल गैंग्स से लड़ रही है। इन्हें स्थानीय तौर पर डाकू कहा जाता है। ये लड़ाके गांवों पर हमला करते हैं, फिरौती के लिए लोगों को किडनैप कर लेते हैं और उनके घरों को आग लगा देते हैं। इस वजह से यहां रहने वाले आम लोग भी सेल्फ डिफेंस में बंदूक लेकर अपराधियों को इलाकों से बाहर खदेड़ देते हैं।

# प्रवर्तन अधिकारी का विदाई समारोह आयोजित



● राशन डीलरों ने पगड़ी पहनाकर किया सम्मान

**जनमार्ग न्यूज**

**बींझबायला।** जिला रसद अधिकारी,( डीएसओ) पद पर पदोन्नत होने पर पदमपुर ब्लॉक के डीलरों दुवारा विदाई पार्टी समारोह मिलन कार्यक्रम रखा गया इस आयोजन में पदमपुर गजसिंहपुर के राशन डीलरों ने रसद अधिकारी विजेंद्र पाल को पगड़ी साफा पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया राशन डीलरों ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारी विजेंद्र पाल का पदमपुर उपखण्ड क्षेत्र में कार्य प्रंशसा जनक रहा और उचित मूल्य दुकानदारो व आमजन के प्रति अच्छा व्यवहार रहा डीलरों ने कहा की आपके सही मार्गदर्शन से बहुत कुछ सीखने को मिला है हम हमेशा याद रखगे आपके उज्वल भविष्य की कामना करते है। जिला रसद अधिकारी विजेंद्र पाल ने कहा कि पदमपुर उपखण्ड क्षेत्र डीलरों के इस मान सम्मान को में हमेशा याद रखुगा और मेरा पदमपुर एक वर्ष सफलता पूर्ण रहा में जहाँ भी पद स्थापन होकर जाऊँगा जिस भी पद पर रहू आपके इस स्नेह को याद रखूंगा।

# मूर्ति देवी मैमोरियल बीएड कॉलेज में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

**जनमार्ग न्यूज**



**सादुलशहर।** मूर्ति देवी मेमौरियल बीएड कॉलेज सादुलशहर और मूर्ति देवी प्राइवेट आईटीआई सादुलशहर में आज सामूहिक रूप से लोहड़ी पर्व तथा स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई 7इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद जी मिढा युवा व्यवसायी,, समाज सेवी नोहित गर्ग (अध्यक्ष स्व. मूर्ति देवी शिक्षा विकास समिति सादुलशहर), विजय माहेश्वरी प्राचार्य मूर्ति देवी आईटीआई कॉलेज सादुलशहर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सूरजपाल द्वारा की गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों द्वारा सरस्वती मां तथा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के आगे द्वीप प्रज्जवलित कर की गई। उसके उपरांत आए हुए अतिथियों, महाविद्यालय स्टाफ और प्रशिक्षणार्थियो इत्यादि द्वारा लोहड़ी पूजन किया गया तथा महाविद्यालय प्रांगण में लोहड़ी जलाई गई। कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष तथा आईटीआई के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, कविता, नृत्य, घूमर एवं विभिन्न तरह के सन्देश देने वाले नाटक प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय अध्यक्ष नोहित गर्ग ने लोहड़ी पर्व की सभी को बधाई देते हुए छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की गई। प्राचार्य डॉ सूरजपाल ने बताया कि ऐसे पर्व को मनाने से छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास साहस एवं जागरूकता उत्पन्न होती है, जिससे समाज में फैली बुराइयां को दूर करने का प्रयास छात्र कर सके, लोहड़ी पर्व खुशी का पर्व है।

## अंकुर मगलानी ने लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने समस्त क्षेत्र वासियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने अपने संदेश में कहा कि-यह त्यौहार सांस्कृतिक लोकाचार, सांप्रदायिक सद्भाव, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक हैं। लोहड़ी और मकर संक्रांति के पावन पर्व पर वे सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने सभी के लिए खुशहाली और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि ये त्यौहार लोगों को किसानों की अदम्य भावना के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी हर्षोल्लासपूर्वक इन त्योहारों को मनाएं और इनका आनंद लें।

# भारतीय जैन संगठन श्रीगंगानगर की यूथ इकाई का गठन

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** भारतीय जैन संगठना, श्रीगंगानगर इकाई तथा महिला इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस, केरियर डे, रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ, लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिव मुकेश सेठी ने बताया कि श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय में हुए इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस तथा कैरियर डे के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में भारतीय जैन संगठना श्रीगंगानगर की यूथ इकाई का गठन किया गया तथा अध्यक्ष कुशल जैन, उपाध्यक्ष लोकेश जैन, सचिव मुदित जैन (बोरड़), कोषाध्यक्ष रविश जैन, कार्यकारिणी सदस्य अक्षय जैन (जैन टेंट), अक्षय जैन, अमित जैन एडवोकेट, ऋषभ जैन, ध्रुव जैन, अक्षत जैन (सुराणा), श्रेयांस जैन तथा ऋषभ जैन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात् श्रीगंगानगर के जैन परिवारों द्वारा रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ तथा लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों सहित सबके लिए गेम्स सहित अनेक रोचक व मनोरंजक गतिविधियां हुई तथा लोक गीतों पर सभी ने नाच-गाकर भरपूर आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अमित जैन को एडवोकेट बनने पर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर अपने विशेष संदेश में नए वर्ष की शुरुआत में संगठन द्वारा शुरू की गई फाउंडेशन कार्यक्रमों की श्रृंखला के लिए संगठन के संस्थापक शांतिलाल मुथथा ने देशभर में फैले भारतीय जैन संगठन के सभी चैप्टर को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि बीजेएस यानि भारतीय जैन संगठना भारत में जैन समुदाय का एक ऐसा संगठन है, जो पिछले 40 वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों जैसे आपदा राहत, जल निकायों के पुनर्जीवन तथा मूल्य शिक्षा में अपनी अनवरत सेवाएं प्रदान कर रहा है।

## देखते ही देखते धरती में समा गया डंपर



● हाइवे पर बन गया 25 फीट गहरा गड्ढा

**जनमार्ग न्यूज**

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में नेशनल हाईवे 248 पर एक बड़ा हादसा हो गया। हनुमान सर्किल से 500 मीटर आगे डस्ट से भरा एक डंपर सड़क के नीचे धंस गया, जिससे 25 फीट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन गया। हादसे के दौरान डंपर का अगला हिस्सा ऊपर रह गया, जबकि पिछला हिस्सा पूरी तरह गड्ढे में समा गया। इस घटना में ड्राइवर सुरक्षित बच गया, लेकिन यह हादसा हाईवे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। हाईवे को ढाई साल पहले 118 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हादसा किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता था, लेकिन किस्मत से कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और प्रशासन को सूचना दी।

# आप पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष वीना चौहान समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** आम आदमी पार्टी के महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वीना चौहान ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में वापसी की है। उनके साथ आम आदमी पार्टी के जिला यूथ विंग के सचिव उशवेंदर करतारसिंह बराड़,वरिष्ठ नेता बीएस चौहान, जिला सचिव आशा रानी, सोनिया असीजा, मोना गलहोत्रा, पूजा टक्कर,पावन धाम मंदिर के अध्यक्ष अशोक पुरुथी, सचिव टीकमचंद गर्ग, कोषाध्यक्ष ताराचंद छींपा, रामगोपाल जसूजा, प्रमोद चुग, डॉ. चंद्रप्रकाश बंसल, साहिल गिलहोत्रा, एडवोकेट नवनीत कटारिया, प्रेम कुमार, आराध्य कटारिया और रिया कटारिया भी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।रविवार शाम को आनंद विहार कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती वीना चौहान के फिर से कांग्रेस में शामिल होने पर जिलाध्यक्ष अंकुर मिगलानी ने बताया कि पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप इंदौरा को विजयश्री दिलाने में वीना चौहान और उनकी टीम का सक्रिय योगदान रहा है। उनके वापस आने से कांग्रेस को और मजबूती मिली है। हम आने वाले नगर परिषद और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने भाजपा राज में श्रीगंगानगर में हत्या, अपहरण, चोरी और लूटपाट की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। श्री मिगलानी ने कहा कि आज शहरवासी गुंडागर्दी और भय के माहौल में हैं।इस माहौल से कांग्रेस ही उनको निजात दिलाएगी। उन्होंने वीना चौहान और उनकी टीम से कांग्रेस के लिए जी जान से काम में जुटने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पुराने कांग्रेसजनों को पार्टी से जोड़ने और सक्रिय करने के लिए हर वार्ड में जाकर हर बूथ पर कार्यक्रम किए जाएंगे।कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मिगलानी के प्रयासों से कांग्रेस में वापसी करते हुए श्रीमती वीना चौहान कहा कि-वे पहले की तरह पूरी वफादारी से कांग्रेस के लिए तन-मन-धन से कार्य करेंगी।

# श्रीगंगानगर में सुबह छाया घना कोहरा, धूप निकलने से राहत

● हवा चलने के साथ बारिश होने की संभावना

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में सोमवार को 2 दिन बादल छाने के बाद हवा में नमी के असर से सुबह एक बार फिर कोहरा छाया। इससे सड़कों पर निकले लोग बेहद परेशान होते दिखे। कार और बसों के ड्राइवर हेडलाइट जलाकर धीमे-धीमे गंतव्य की ओर बड़े। वहीं कामकाज के लिए सड़कों पर निकले लोग ठिठुरते दिखे। दस से पंद्रह मीटर तक देख पाना मुश्किल हो रहा था। सब्जी और दूध की बिक्री के लिए सड़कों पर निकले लोगों के हाल बेहाल थे। शहर के चौक चौराहों को कुछ दूरी से देख पाने में परेशानी आ रही थी। आमतौर पर बेहद व्यस्त रहने वाले बीरबल चौक और सुखाड़िया सर्किल पर भी लोगों की आवाजाही बेहद कम थी। सुबह सर्दी के चलते सड़कों पर आवाजाही कम थी, लेकिन सुखाड़िया मार्ग, गोशाला रोड, और बीरबल चौक के आसपास चाय की थड़ियों पर मेहनत मजदूरी के लिए निकले लोग जुटने लगे। चाय की चुस्कियों के साथ ये लोग अलाव पर हाथ तापते नजर आए। शहर के सब्जी मंडी इलाके में सुबह से ठेलों पर लोगों ने सब्जियां सजानी शुरू कर दी। तेज सर्दी के बावजूद ये लोग बिना सर्दी की परवाह किए काम के लिए निकल पड़े।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692